# 09 : मौलिक अधिकार (Fundamental Rights)




1) सामान्य परिचय
2) मौलिक अधिकार की परिभाषा
3) मौलिक अधिकारों का उद्भव
4) मौलिक अधिकारों की विशेषताएं
5) अनुच्छेद 12
6) अनुच्छेद 13
7) प्रमुख मौलिक अधिकार
8) सशस्त्र बल और मौलिक अधिकार

# Chapter 09 : The Fundamental Rights




1) General Introduction
2) Definition
3) Origin
4) Characteristics
5) Article 12
6) Article 13
7) Major Fundamental Rights
8) Armed Forces and Fundamental Rights

# 1) सामान्य परिचय (General introduction)

- भाग 03
- अनुच्छेद 12 से 35
- अमेरिका का 'Bill of Rights'
- भारत का मैग्नाकार्टा

**अधिकार किसी व्यक्ति को प्राप्त वैध दावे, शक्तियां तथा स्वतंत्रता**




*उद्देश्य - स्वतंत्रता, सम्मान व सर्वांगीण विकास*

- नैतिक अधिकार
- कानूनी अधिकार
- प्राकृतिक अधिकार
- मानव अधिकार
- मौलिक अधिकार

# 1) General introduction

- Part 03
- Articles 12 to 35
- America's 'Bill of Rights'
- India's Magna Carta

**Rights are the legal claims, powers and freedoms available to a person.**

*Purpose – Freedom, dignity and all-round development.*




- Moral Rights
- Legal Rights
- Natural Rights
- Human Rights
- Fundamental Rights

# अधिकार (Rights) : प्रमुख विचारकों की परिभाषाएँ

*Important Definitions for Polity / Political Theory*

## 1 हेरोल्ड लास्की (Harold Laski) के अनुसार

अधिकार सामाजिक जीवन की वे परिस्थितियों हैं, जिनके बिना कोई भी व्यक्ति सामान्यतः अपना पूर्ण और सर्वोत्तम विकास नहीं कर सकता।

Rights are those conditions of social life without which no man can seek, in general, to be himself at his best.

## 2 बर्नार्ड बोसांके (Bernard Bosanquet) के अनुसार

अधिकार वह दावा है जिसे समाज स्वीकार करता है और राज्य लागू करता है।

A right is a claim recognized by society and enforced by the state.

## 3 टी. एच. ग्रीन (T. H. Green) के अनुसार

अधिकार वे शक्तियों हैं जो एक नैतिक प्राणी के रूप में मनुष्य के आंतरिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए आवश्यक हैं।

Rights are powers necessary for the fulfillment of man's vocation as a moral being.

## 4 जॉन सॉमंड (John Salmond) के अनुसार (कानुनी दृष्टिकोण)

अधिकार वह हित (Interest) है जिसे कानून द्वारा मान्यता और संरक्षण प्राप्त होता है। यदि इस हित का उल्लंघन होता है, तो वह एक कानूनी अपराध माना जाता है।

A right is an interest recognized and protected by a rule of right.

## 5 थॉमस एर्स्किन हॉलैंड (T. E. Holland) के अनुसार

अधिकार किसी व्यक्ति की वह क्षमता है, जिससे वह राज्य की शक्ति और सहमति के माध्यम से दूसरों के कार्यो को प्रभावित या नियंत्रित कर सकता है।

A right is one man's capacity of influencing the acts of another, by means, not of his own strength, but of the opinion or the force of society.

# Rights: Definitions by Major Thinkers

Important Definitions for Polity / Political Theory

## 1. Harold Laski

Rights are those conditions of social life without which no man can seek, in general, to be himself at his best.

## 2. Bernard Bosanquet

A right is a claim recognized by society and enforced by the state.

## 3. T. H. Green

Rights are powers necessary for the fulfillment of man's vocation as a moral being.

## 4. John Salmond (Legal Viewpoint)

A right is an interest recognized and protected by a rule of right.

## 5. T. E. Holland

A right is one man's capacity of influencing the acts of another, by means, not of his own strength, but of the opinion or the force of society.

## 1) नैतिक अधिकार (Moral Rights)

- व्यक्ति की **चेतना और उचित-अनुचित की भावना पर** आधारित अधिकार
- इन अधिकारों के पीछे **कानून की कोई शक्ति नहीं** होती।
- यदि कोई इनका उल्लंघन करता है, तो उसे न्यायालय द्वारा सजा नहीं दी जा सकती।

## 2) प्राकृतिक अधिकार (Natural Rights)

- मनुष्य को किसी राज्य, समाज या संविधान ने नहीं दिए हैं, बल्कि वे मनुष्य को जन्म से ही प्रकृति द्वारा प्राप्त हैं।
- मुख्य अवधारणा → **जॉन लॉक (John Locke)**
  - ✓ राज्य या सरकार के बनने से पहले भी मनुष्य के पास ये अधिकार थे। इन्हें मनुष्य से छीना नहीं जा सकता।
  - ✓ उदाहरण → **जीवन, स्वतंत्रता और संपत्ति**

## 3) कानूनी या वैधानिक अधिकार (Legal Rights)

- राज्य द्वारा मान्यता और देश के कानून द्वारा लागू।
- न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय
- उदाहरण → मतदान का अधिकार, संपत्ति का अधिकार, सूचना का अधिकार (RTI)

## 4) मानव अधिकार (Human Rights)

- वे सार्वभौमिक अधिकार हैं जो हर व्यक्ति को केवल मनुष्य होने के कारण प्राप्त होते हैं।
- ये अधिकार जाति, धर्म, लिंग, भाषा, राष्ट्रीयता या किसी अन्य आधार पर भेदभाव किए बिना सभी को समान रूप से मिलते हैं।
- **10 दिसंबर 1948 → संयुक्त राष्ट्र** मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा
  - ✓ 10 दिसंबर → मानव अधिकार दिवस
  - ✓ उदाहरण → **सम्मान, स्वतंत्रता और समानता**

## 1) Moral Rights

- Rights based on a person's conscience and sense of right and wrong.
- There is no legal force behind these rights.
- If someone violates them, they cannot be punished by a court.

## 2) Natural Rights

- These are not given by any state, society or constitution, but are received by humans from nature at birth.
- Main concept → John Locke
  - ✓ Humans had these rights even before the formation of a state or government. They cannot be taken away from a person.
  - ✓ Examples → Life, liberty and property.

## 3) Legal Rights

- Recognised by the state and enforced by the law of the country.
- Enforceable by courts.
- Examples → Right to vote, right to property, Right to Information (RTI)

## 4) Human Rights

- These are universal rights that every person receives simply by virtue of being human.
- These rights are available equally to all without discrimination on the basis of caste, religion, gender, language, nationality or any other ground.
- 10 December 1948 → UN Universal Declaration of Human Rights
  - ✓ 10 December → Human Rights Day.
  - ✓ Examples → Dignity, liberty and equality.

| आधार | मौलिक अधिकार | कानूनी अधिकार |
|---|---|---|
| स्रोत | संविधान (भाग-3) | सामान्य कानून / अन्य अनुच्छेद |
| संरक्षण | सर्वोच्च न्यायालय द्वारा संरक्षित (अनु. 32) | साधारण न्यायालय द्वारा संरक्षित |
| संशोधन | संविधान संशोधन से ही | साधारण विधि-निर्माण प्रक्रिया से |
| उदाहरण | समता, स्वतंत्रता आदि | संपत्ति का अधिकार (अनु. 300क) |



| Basis | Fundamental Rights | Legal Rights |
|---|---|---|
| Source | Constitution (Part-3) | Ordinary law / Other articles |
| Protection | Protected by Supreme Court (Art. 32) | Protected by ordinary courts |
| Amendment | Only by Constitutional Amendment | By ordinary legislative process |
| Example | Equality, Freedom, etc. | Right to Property (Art. 300A) |



# 2) मौलिक अधिकार (Fundamental Rights)

**मौलिक अधिकार** → वे विशिष्ट कानूनी अधिकार हैं जिन्हें देश के संविधान द्वारा नागरिकों को प्रदान किया गया है और जिन्हें सर्वोच्च कानूनी संरक्षण प्राप्त होता है।

- भारतीय संविधान के भाग-III में अनुच्छेद 12 से 35 तक वर्णन
- व्यक्ति के सर्वांगीण विकास हेतु अत्यंत आवश्यक
- सामान्य कानूनी अधिकारों की तुलना में इन्हें बदलना बहुत मुश्किल है।
- न्यायालय द्वारा संरक्षित तथा प्रवर्तनीय → उल्लंघन पर व्यक्ति सीधे सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट जा सकता है।
- ये राज्य की निरंकुशता के विरुद्ध नागरिकों को दी गई गारंटी हैं।



# 2) Fundamental Rights

**Fundamental Rights** → These are specific legal rights granted to citizens by the Constitution of the country and which enjoy the highest legal protection

- Described in Part-III of the Indian Constitution from Articles 12 to 35.
- Extremely essential for the all-round development of a person.
- These are much more difficult to change compared to ordinary legal rights.
- Protected and enforceable by courts → On violation, a person can directly approach the Supreme Court or High Court.
- These are guarantees given to citizens against the arbitrary power of the state.



| **अधिकार** | **अनुच्छेद** |
|---|---|
| **समता का अधिकार (अनुच्छेद 14-18)** | 14) विधि के समक्ष समता एवं विधियों का समान संरक्षण (अनुच्छेद 14)।<br>15) **धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्मस्थान** के आधार पर विभेद का प्रतिषेध (अनुच्छेद 15)।<br>16) लोक नियोजन के विषय में अवसर की समता (अनुच्छेद 16)।<br>17) अस्पृश्यता का अंत और उसका आचरण निषिद्ध (अनुच्छेद 17)।<br>18) सेना या विद्या संबंधी सम्मान के सिवाए सभी उपाधियों पर रोक (अनुच्छेद 18)। |

| **Right** | **Article** |
|---|---|
| **Right to equality (Articles 14–18)** | 14) Equality before law and equal protection of laws (Article 14).<br>15) Prohibition of discrimination on the **religion, race, caste, sex, or place of birth** (15)<br>16) Equality of opportunity in matters of public employment (Article 16).<br>17) Abolition of untouchability and prohibition of its practice (Article 17).<br>18) Abolition of all titles except military and academic distinctions (Article 18). |

| अधिकार | अनुच्छेद |
|---|---|
| स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 19-22) | 19) छह अधिकार → वाक् एवं अभिव्यक्ति, शांतिपूर्ण सम्मेलन, संगठन बनाना, संचरण, निवास तथा व्यवसाय की स्वतंत्रता।<br>20) अपराधों के लिए दोषसिद्धि के संबंध में संरक्षण<br>21) प्राण और दैहिक स्वतंत्रता का संरक्षण.<br>21A → प्रारंभिक शिक्षा का अधिकार<br>22) कुछ दशाओं में गिरफ्तारी और निरोध से संरक्षण |

| Right | Article |
|---|---|
| Right to Freedom (Article 19-22) | 19) Protection of six freedoms → Speech and expression, peaceful assembly, association/union, movement, residence, and profession/occupation.<br>20) Protection in respect of conviction for offences:<br>21) Protection of life and personal liberty:<br>Article 21A → Right to Education:<br>22) Protection against arrest and detention: |

| अधिकार | अनुच्छेद |
| --- | --- |
| शोषण के विरुद्ध अधिकार (23-24) | 23) मानव के दुर्व्यापार और बलात् श्रम का प्रतिषेध<br>24) कारखानों आदि में बच्चों के नियोजन का प्रतिषेध |

| Right | Article |
| --- | --- |
| Right against Exploitation (Article 23-24) | 23) Prohibition of traffic in human beings and forced labour.<br>24) Prohibition of child labour in hazardous employment. |

## संपत्ति का अधिकार — हटा दिया गया (Most Important)

≈ मूल रूप से 7वाँ अधिकार **संपत्ति का अधिकार (अनुच्छेद 31)** था।

≈ इसे **44वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1978** द्वारा मौलिक अधिकारों की सूची से हटा दिया गया।

≈ अब यह **भाग-12 के अनुच्छेद 300क** के अंतर्गत एक **कानूनी अधिकार** है।

≈ इसी कारण अब मौलिक अधिकार **6 (छह)** रह गए हैं।

| Right | Article |
| --- | --- |
| **Right against Exploitation (Article 23-24)** | 23) Prohibition of traffic in human beings and forced labour.<br>24) Prohibition of child labour in hazardous employment. |

## Right to Property — Removed (Most Important)

≈ Originally the 7th right was the Right to Property (Article 31).

≈ It was removed from the list of Fundamental Rights by the 44th Constitutional Amendment Act, 1978.

≈ Now it is a legal right under Article 300A of Part-12.

≈ Due to this, Fundamental Rights now remain 6 (six).

| अधिकार | अनुच्छेद |
|---|---|
| **धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 25-28)** | 25) अंतःकरण की और धर्म के अबाध रूप से मानने, आचरण और प्रचार करने की स्वतंत्रता<br>26) धार्मिक कार्यों के प्रबंध की स्वतंत्रता<br>27) किसी विशिष्ट धर्म की अभिवृद्धि के लिए करों के संदाय के बारे में स्वतंत्रता<br>28) कुछ शिक्षा संस्थाओं में धार्मिक शिक्षा या धार्मिक उपासना में उपस्थित होने के बारे में स्वतंत्रता |

| Right | Article |
|---|---|
| **Right to Freedom of Religion(Article 25-28)** | 25) Freedom of conscience and free profession, practice, and propagation of religion.<br>26) Freedom to manage religious affairs by religious denominations.<br>27) Freedom from payment of taxes for promotion of any particular religion.<br>28) Freedom from religious instruction in certain educational institutions. |

| अधिकार | अनुच्छेद |
| --- | --- |
| संस्कृति और शिक्षा (अनुच्छेद 29-30) | 29) अल्पसंख्यकों की भाषा, लिपि और संस्कृति की सुरक्षा<br>30) शिक्षा संस्थाओं की स्थापना और प्रशासन करने का अल्पसंख्यक वर्गों का अधिकार |

| Right | Article |
| --- | --- |
| Cultural and Educational Rights (Article 29-30) | 29) Protection of interests of minorities → Language, script, and culture<br>30) Right of minorities to establish and administer educational institutions |

| अधिकार | अनुच्छेद |
| --- | --- |
| सांविधानिक उपचारों का अधिकार (अनुच्छेद 32) | ○ मूल अधिकारों को प्रवर्तित कराने के लिए उच्चतम न्यायालय जाने का अधिकार।<br>○ 5 Writ → बंदी प्रत्यक्षीकरण, परमादेश, प्रतिषेध, उत्प्रेषण, अधिकार पृच्छा<br>○ डॉ. बी. आर. अंबेडकर ने अनुच्छेद 32 को "संविधान का हृदय और आत्मा" कहा। |

| | |
| --- | --- |
| Right to Constitutional Remedies (Article 32) | ○ Right to move the Supreme Court for enforcement of Fundamental Rights.<br>○ 5 Writs → Habeas Corpus, Mandamus, Prohibition, Certiorari, Quo Warranto.<br>○ Dr. B. R. Ambedkar called Article 32 the "Heart and Soul of the Constitution." |

# 3) मौलिक अधिकारों का उद्भव (The Emergence)




| वर्ष | घटना | विवरण |
|---|---|---|
| **1215** | **मैग्राकार्टा (Magna Carta)** | इंग्लैण्ड के राजा **जॉन (King John)** ने जारी किया |
| **1789** | **फ्राँस का घोषणापत्र** | मानव एवं नागरिक के अधिकारों की घोषणा |
| **1791** | **अमेरिका : Bill of Rights** | 1789 में प्रस्तावित → विश्व का प्रथम संविधान जिसने नागरिकों को लिखित मौलिक अधिकार दिए। |

# 3) The Emergence of Fundamental Rights




| Year | Event | Description |
|---|---|---|
| 1215 | Magna Carta | Issued by King John of England |
| 1789 | French Declaration | Declaration of the Rights of Man and of the Citizen |
| 1791 | America : Bill of Rights | Proposed in 1789 → The world's first constitution that gave citizens written fundamental rights |

| वर्ष | निकाय | घटना |
|---|---|---|
| 1895 | बाल गंगाधर तिलक | ○ स्वराज विधेयक (Constitution Bill of India) |
| 1925 | एनी बेसेंट | ○ कॉमनवेल्थ ऑफ इंडिया बिल में अधिकारों की माँग। |
| 1928 | मोतीलाल नेहरू | ○ 'नेहरू रिपोर्ट' में माँग —मौलिक अधिकारों का **अग्रदूत** |
| 1931 | महात्मा गांधी | ○ द्वितीय गोलमेज सम्मेलन (London) में माँग। |
| 1931 | कांग्रेस — कराची अधिवेशन | ○ सरदार पटेल → मौलिक अधिकारों एवं आर्थिक नीति का प्रस्ताव |
| 1934 | कांग्रेस कार्यकारिणी | ○ मौलिक अधिकारों की औपचारिक माँग। |
| 1935 | भारत शासन अधिनियम | ○ इसमें मौलिक अधिकार **प्रदान नहीं** किए गए। |
| 1945 | तेज बहादुर सप्रू समिति | ○ सिफारिश पर अधिकारों को दो भागों में बाँटा गया |

*सप्रू समिति (1945) → अधिकारों को दो वर्गों में विभाजित किया*

- *न्यायालय में वाद-योग्य अधिकार → **मौलिक अधिकार (भाग-3)***
- *न्यायालय में वाद-योग्य नहीं → **राज्य के नीति-निर्देशक तत्व (भाग-4)***

## भारत के संविधान और मौलिक अधिकारों का विकास - एक समयरेखा



| Year | Body | Event |
|---|---|---|
| 1895 | **Bal Gangadhar Tilak** | ○ Swaraj Bill (Constitution Bill of India) |
| 1925 | **Annie Besant** | ○ Demand for rights in the Commonwealth of India Bill |
| 1928 | **Motilal Nehru** | ○ Demand in 'Nehru Report' — Pioneer of FRi |
| 1931 | **Mahatma Gandhi** | ○ Demand at the Second Round Table Conference |
| 1931 | **Congress — Karachi Session** | ○ Sardar Patel → Resolution on Fundamental Rights and Economic Policy |
| 1934 | **Congress Working Committee** | ○ Formal demand for Fundamental Rights |
| 1935 | **Government of India Act** | ○ Fundamental Rights were not granted in it |
| 1945 | **Tej Bahadur Sapru Committee** | ○ Rights were divided into two parts on its recommendation |

**Sapru Committee (1945)** → Divided rights into two categories

- Justiciable rights → **Fundamental Rights (Part-3).**
- Non-justiciable → **Directive Principles of State Policy (Part-4).**



# 4) मौलिक अधिकारों की विशेषताएं (Characteristics)

1) **सबके लिए समान नहीं :**
   - कुछ अधिकार केवल नागरिकों को
   - कुछ सभी व्यक्तियों को (नागरिक, विदेशी तथा कंपनी)

2) **असीमित नहीं, परंतु वाद-योग्य (Justiciable) :**
   - राज्य इन पर 'युक्तियुक्त प्रतिबंध लगा सकता है;
   - प्रतिबंध उचित है या नहीं — इसका निर्णय न्यायालय करता है।

3) **मुख्यतः राज्य के विरुद्ध :**
   - ये अधिकार सरकार के एकपक्षीय निर्णयों के विरुद्ध हैं;
   - कुछ अधिकार (जैसे अनु. 17, 23) निजी व्यक्तियों के विरुद्ध भी उपलब्ध हैं।

4) **कुछ नकारात्मक, कुछ सकारात्मक :**
   - कुछ राज्य की शक्ति को सीमित करते हैं (नकारात्मक),
   - कुछ व्यक्तियों को विशेष सुविधा देते हैं (सकारात्मक)।

5) **न्यायोचित (Justiciable)**
   - **उच्चतम न्यायालय द्वारा संरक्षित :** अनुच्छेद 32 के तहत सीधे सर्वोच्च न्यायालय जा सकता है

6) **कुछ पर संवैधानिक सीमाएँ :** अनुच्छेद 31क, 31ख तथा 31ग इनके क्रियान्वयन को सीमित करते हैं।

# 4) Features of Fundamental Rights

1) **Not equal for all :**
   - Some rights only for citizens.
   - Some for all persons (citizens, foreigners and companies).
2) **Not absolute, but justiciable :**
   - The state can impose 'reasonable restrictions' on these.
   - Whether the restriction is reasonable or not — is decided by the court.
3) **Mainly against the state :**
   - These rights are against unilateral decisions of the government.
   - Some rights (such as Art. 17, 23) are also available against private individuals.
4) **Some negative, some positive :**
   - Some limit the power of the state (negative).
   - Some provide special privileges to individuals (positive)
5) **Justiciable**
   - **Protected by the Supreme Court :** Can directly approach the Supreme Court under Article 32.
6) **Some have constitutional limitations :** Articles 31A, 31B and 31C restrict their implementation.

7) **स्थायी नहीं :** संसद संविधान संशोधन द्वारा इनमें कटौती या परिवर्तन कर सकती है — परंतु 'मूल ढाँचे' को प्रभावित किए बिना।

8) **आपातकाल में निलंबन :**

- राष्ट्रीय आपातकाल में अनुच्छेद 20 व 21 को छोड़कर अन्य अधिकार निलंबित हो सकते हैं।
- अनुच्छेद 19 के अधिकार केवल युद्ध/बाह्य आक्रमण पर स्वतः निलंबित होते हैं — सशस्त्र विद्रोह (आंतरिक आपातकाल) पर नहीं।

9) **सशस्त्र बलों पर प्रतिबंध :** अनुच्छेद 33 के तहत संसद सेना, अर्द्ध-सैनिक, पुलिस, गुप्तचर सेवाओं के लिए इन अधिकारों को सीमित कर सकती है।

10) **सैन्य शासन वाले क्षेत्रों में रोक :** अनुच्छेद 34 के तहत मार्शल लॉ (सैन्य शासन) लागू क्षेत्र में इनका क्रियान्वयन रोका जा सकता है

11) **अधिकांश स्वतः-प्रवर्तित :**

- अधिकांश अधिकार स्वतः लागू हैं;
- कुछ को लागू करने के लिए अनुच्छेद 35 के अंतर्गत केवल संसद कानून बनाती है, विधानमंडल नहीं।

7) **Not permanent :** Parliament can curtail or modify them by constitutional amendment — but without affecting the 'Basic Structure'.

8) **Suspension during Emergency :**

   - During National Emergency, rights other than Articles 20 and 21 can be suspended.
   - Rights under Article 19 are automatically suspended only during war/external aggression — not during armed rebellion (internal emergency).

9) **Restrictions on Armed Forces :** Under Article 33, Parliament can restrict these rights for the army, para-military, police and intelligence services.

10) **Restriction in Areas under Martial Law :** Under Article 34, their implementation can be suspended in an area under Martial Law.

11) **Mostly Self-Executing :**

    - Most rights are self-executing.
    - For implementing some, only Parliament makes laws under Article 35, not the state legislature.

| केवल नागरिकों को प्राप्त मूल अधिकार | नागरिकों एवं विदेशियों को प्राप्त अधिकार (शत्रु देश के अलावा) |
|---|---|
| 1) केवल धर्म, मूल वंश, जाति, लिंग, जन्मस्थान या के आधार पर विभेद का प्रतिषेध (अनुच्छेद 15)।<br>2) लोक नियोजन के विषय में अवसर की समता (अनुच्छेद 16)।<br>3) विचार, अभिव्यक्ति, शांतिपूर्ण सम्मेलन, विचरण एवं निवास तथा संघ बनाने की स्वतंत्रता (अनुच्छेद 19)।<br>4) अल्पसंख्यकों को शिक्षा एवं संस्कृति संबंधी अधिकार (अनुच्छेद 29)।<br>5) अल्पसंख्यकों को अपने धर्म के प्रसार हेतु शिक्षण संस्थाओं की स्थापना का अधिकार (अनुच्छेद 30)। | 1) विधि के समक्ष समता और विधियों का समान संरक्षण (अनुच्छेद 14)<br>2) अपराधों के लिये दोषसिद्धी के संबंध में संरक्षण (अनुच्छेद 20)।<br>3) जीवन एवं दैहिक स्वतंत्रता का संरक्षण (अनुच्छेद 21)।<br>4) प्रारंभिक शिक्षा का अधिकार (अनुच्छेद 21 क)।<br>5) कुछ मामलों में हिरासत एवं नजरबंदी से संरक्षण (अनुच्छेद 22)।<br>6) बलात् श्रम एवं अवैध मानव व्यापार के विरुद्ध प्रतिषेध (अनुच्छेद 23)।<br>7) कारखानों आदि में बच्चों के नियोजन का प्रतिषेध (अनुच्छेद 24)।<br>8) धर्म की अभिवृद्धि के लिए प्रयास करने की स्वतंत्रता (अनुच्छेद 25)।<br>9) धार्मिक संस्थाओं के संचालन की स्वतंत्रता (अनुच्छेद 26)।<br>10) किसी धर्म को प्रोत्साहित करने हेतु कर से छूट (अनुच्छेद 27)।<br>11) कुछ विशिष्ट संस्थाओं में धार्मिक आदेशों को जारी करने की स्वतंत्रता (अनुच्छेद 28)। |

| Fundamental Rights Available Only to Citizens | Rights Available to Citizens and Foreigners (Except Enemy Aliens) |
|---|---|
| 1) Prohibition of discrimination on grounds of religion, race, caste, sex, place of birth or any of them (Article 15)<br>2) Equality of opportunity in matters of public employment (Article 16)<br>3) Freedom of speech and expression, peaceful assembly, movement, residence and the right to form associations (Article 19)<br>4) Rights of minorities regarding education and culture (Article 29)<br>5) Right of minorities to establish educational institutions for the propagation of their religion (Article 30) | 1) Equality before law and equal protection of laws (Article 14)<br>2) Protection in respect of conviction for offences (Article 20)<br>3) Protection of life and personal liberty (Article 21)<br>4) Right to elementary education (Article 21A)<br>5) Protection against arrest and detention in certain cases (Article 22)<br>6) Prohibition of forced labour and illegal human trafficking (Article 23)<br>7) Prohibition of employment of children in factories etc. (Article 24)<br>8) Freedom to profess, practice and propagate religion (Article 25)<br>9) Freedom to manage religious institutions (Article 26)<br>10) Exemption from taxes for promotion of any religion (Article 27)<br>11) Freedom as to attendance at religious instruction in certain educational institutions (Article 28) |

# 5) अनुच्छेद 12 — 'राज्य' की परिभाषा (Definition of State)

| वर्ग | इसमें शामिल |
|---|---|
| संघ सरकार | ○ भारत सरकार (कार्यपालिका)<br>○ भारत की संसद (विधायिका)। |
| राज्य सरकार | ○ राज्य की कार्यपालिका<br>○ राज्य विधानमंडल (विधायिका)। |
| स्थानीय निकाय | ○ नगरपालिका, पंचायत,<br>○ जिला बोर्ड, सुधार न्यास आदि। |
| अन्य प्राधिकरण | ○ विधिक या गैर-संवैधानिक प्राधिकरण<br>○ LIC, ONGC, SAIL, BSNL, GAIL। |

*BCCI तथा NCERT को 'राज्य' नहीं माना जाता (क्योंकि इन पर राज्य का गहन नियंत्रण/वित्तपोषण नहीं है)।*

- **सोमप्रकाश रेखी बनाम भारत संघ, 1981** → 'राज्य' की श्रेणी में रखने के मुख्य कसौटियां —
  - सरकार का गहरा और व्यापक
  - राज्य द्वारा वित्तपोषण (State Funding)



# 5) Article 12 — Definition of 'State'

| Category | Includes |
|---|---|
| Union Government | ○ Government of India (Executive)<br>○ Parliament of India (Legislature) |
| State Government | ○ State Executive<br>○ State Legislature |
| Local Bodies | ○ Municipality, Panchayat<br>○ District Board, Improvement Trust, etc. |
| Other Authorities | ○ Statutory or Non-Constitutional Authorities<br>○ LIC, ONGC, SAIL, BSNL, GAIL |

*BCCI and NCERT are not considered 'State' (because there is no deep state control/funding over them).*

- **Somprakash Rekhi v. Union of India, 1981** → Main criteria for placing in the category of 'State': -
  - Deep and pervasive government control.
  - State Funding.



# 6) अनुच्छेद 13 —असंगत या उनका अल्पीकरण

## 1) अनुच्छेद 13 : मूल भाव

- राज्य ऐसा कानून नही बनाएगा जो
  - → मौलिक अधिकारों को छीने
  - → मौलिक अधिकारों को कम करे
- अप्रत्यक्ष रूप से "**न्यायिक पुनरावलोकन**" का आधार
- संरक्षण
  - → सुप्रीम कोर्ट - अनुच्छेद 32
  - → हाईकोर्ट - अनुच्छेद 226
  - > रिट द्वारा
- विधि की परिभाषा → 13(3)
- संविधान संशोधन से संबंधित [13(4)] ⇒ सबसे विवादित



# 6) Article 13 – Inconsistency or Abridgement

## 1) Article 13 : Core Essence

- The State shall not make any law which
  - → Takes away Fundamental Rights
  - → Abridges / diminishes Fundamental Rights
- Implicitly forms the basis of "Judicial Review“
- Protection
  - → Supreme Court — Article 32
  - → High Court — Article 226
  - By means of Writs
- Definition of "Law" → Article 13(3)
- Related to Constitutional Amendment [13(4)] ⇒ Most Controversial



**2) प्रमुख सिद्धांत**

- आच्छादन का सिद्धांत (Doctrine of Eclipse)
- पृथक्करणीयता का सिद्धांत (Doctrine of Severability)
- अधित्याग का सिद्धांत (Doctrine of Waiver)
- भविष्यलक्षी अधिनिर्णयन का सिद्धांत

| **आच्छादन का सिद्धांत (Eclipse)** | **पृथक्करणीयता का सिद्धांत (Severability)** |
|---|---|
| ○ संविधान लागू होने से पहले बने वे कानून, जो मौलिक अधिकारों से टकराते हैं, पूरी तरह समाप्त नहीं होते, बल्कि वे मौलिक अधिकारों की छाया में निष्क्रिय हो जाते हैं।<br>○ नारायण धाकड़ बनाम मध्य प्रदेश 1955 | ○ यदि किसी कानून का केवल कुछ भाग मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है, तो पूरा कानून निरस्त नहीं होगा, बल्कि सिर्फ वही असंवैधानिक भाग हटाया जाएगा।<br>○ ए.के. गोपालन बनाम मद्रास राज्य, 1950 |
| **अधित्याग का सिद्धांत (Waiver)** | **भविष्यलक्षी अधिनिर्णयन** |
| ○ भारत का कोई भी नागरिक चाहकर भी अपने मौलिक अधिकारों का अधित्याग नहीं कर सकता।<br>○ बशेशर नाथ बनाम आयकर आयुक्त, 1959 | ○ न्यायालय द्वारा दिया गया निर्णय भविष्य से लागू होगा, अतीत में हुए कार्यों या मामलों पर उसका प्रभाव नहीं पड़ेगा।<br>○ गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य, 1967 |












## 2) Key Doctrines

- Doctrine of Eclipse
- Doctrine of Severability
- Doctrine of Waiver
- Doctrine of Prospective Overruling

| Doctrine of Eclipse | Doctrine of Severability |
|---|---|
| ○ Laws enacted before the Constitution that conflict with FR, do not become void — they become dormant under the shadow of Fundamental Rights.<br>○ Narayan Dikshit v. State of MP, 1955 | ○ If only part of a law violates Fundamental Rights, only that unconstitutional part is severed and removed — the entire law is not struck down.<br>○ A.K. Gopalan v. State of Madras, 195 |
| **Doctrine of Waiver** | **Prospective Overruling** |
| ○ No citizen of India can voluntarily waive their Fundamental Rights.<br>○ Basheshar Nath v. Income Tax Commissioner, 1959 | ○ A court judgment applies prospectively (in the future) — it does not affect past actions or previously decided cases.<br>○ Golak Nath v. State of Punjab, 1967 |



3) 13(1) → संविधान पूर्व विधियां

4) 13(2) → संविधान लागू होने के बाद की विधियां

(दोनों) → FR से असंगत ⇒ समाप्त

- यदि पूरी विधि तो पूरी विधि समाप्त
- यदि कोई "हिस्सा" तो मात्र वह हिस्सा समाप्त

5) 13(3) → विधि की परिभाषा ⇒ अत्यंत व्यापक

- स्थायी विधियाँ – संसद या राज्य विधानमंडल द्वारा पारित **अधिनियम।**
- अस्थायी विधियाँ – राष्ट्रपति/राज्यपाल द्वारा जारी **अध्यादेश (Ordinance)।**
- प्रत्यायोजित विधान – **आदेश, नियम, उपविधि, विनियम, अधिसूचना।**
- विधि के गैर-विधायी स्रोत – विधि का बल रखने वाली **रूढ़ि या प्रथा (custom/usage)।**

6) 13(4) → संविधान संशोधन (अनु 368) को "भाग-3" के संदर्भ में विधि नहीं माना जाएगा।

∟ 24वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1971

∟ वर्तमान स्थिति (केशवानंद भारती मामला - 1973) → संसद मौलिक अधिकारों में संशोधन कर सकती है, लेकिन यदि वह 'मूल ढांचे' का उल्लंघन करता है, तो सर्वोच्च न्यायालय उसे न्यायिक समीक्षा के तहत रद्द कर सकता है।

3) **13(1)** ⟶ Pre-Constitutional Laws

4) **13(2)** ⟶ Laws made after Constitution came into force

] Inconsistent with Fundamental Rights

⇓

- If the entire law is inconsistent, the entire law is void
- If only a "part" is inconsistent, only that part is void

5) **13(3)** ⟶ Definition of "Law" ⇒ Extremely wide

- *Permanent Laws — Acts passed by Parliament or State Legislature.*
- *Temporary Laws — Ordinances issued by the President / Governor.*
- *Delegated Legislation — Orders, Rules, Bye-laws, Regulations, Notifications.*
- *Non-legislative sources of law — Customs or usages having the force of law.*

6) **13(4)** ⟶ Constitutional Amendment (Art. 368) shall not be considered "law" in context of Part III

╚ 24th Constitutional Amendment Act, 1971

╚ Current Position (Kesavananda Bharati Case - 1973) → Parliament can amend Fundamental Rights, but if it violates the 'Basic Structure', the Supreme Court can strike it down under Judicial Review.

| वाद | वर्ष | निर्णय / प्रावधान |
|---|---|---|
| **शंकरी प्रसाद वाद** | **1951** | संविधान संशोधन 'विधि' **नहीं** है → संसद मौलिक अधिकारों में संशोधन कर सकती है। |
| **सज्जन सिंह वाद** | **1965** | पुनः पुष्टि — संशोधन 'विधि' **नहीं** → संसद संशोधन कर सकती है। |
| **गोलकनाथ वाद** | **1967** | पलटा — संशोधन को 'विधि' **माना**; संसद मौलिक अधिकारों में संशोधन **नहीं** कर सकती। |
| **24वाँ संशोधन** | **1971** | संसद ने अनुच्छेद 13(4) व 368 जोड़कर स्पष्ट किया कि संसद को मौलिक अधिकारों में संशोधन का अधिकार है। |
| **केशवानंद भारती वाद** | **1973** | ऐतिहासिक निर्णय — संसद मौलिक अधिकारों में संशोधन कर सकती है, **परंतु 'मूल ढाँचे (Basic Structure)' में परिवर्तन नहीं कर सकती।** |
| **42वाँ संविधान संशोधन** | **1976** | अनुच्छेद 368 में संशोधन कर प्रावधान किया कि संशोधनों का न्यायिक पुनर्विलोकन **नहीं** होगा। |
| **मिनर्वा मिल्स वाद** | **1980** | 42वें संशोधन के उस प्रावधान को **रद्द (असंवैधानिक घोषित)** कर दिया — न्यायिक पुनर्विलोकन स्वयं मूल ढाँचे का अंग है। |

***वर्तमान स्थिति (Current Position)***

*संसद मौलिक अधिकारों में संशोधन कर सकती है — परंतु संविधान के 'मूल ढाँचे (Basic Structure)' को परिवर्तित नहीं कर सकती।*

| Case | Year | Judgment / Provision |
| --- | --- | --- |
| Shankari Prasad | 1951 | Amendment is NOT 'law' → Parliament can amend Fundamental Rights. |
| Sajjan Singh Case | 1965 | Reaffirmed — amendment is NOT 'law' → Parliament can amend. |
| Golak Nath Case | 1967 | Reversed — amendment IS 'law'; Parliament cannot amend Fundamental Rights. |
| 24th Amendment | 1971 | Parliament added Articles 13(4) & 368 to explicitly clarify its power to amend Fundamental Rights. |
| Kesavananda Bharati Case | 1973 | Historic judgment — Parliament can amend Fundamental Rights, but cannot alter the 'Basic Structure' of the Constitution. |
| 42nd Amendment | 1976 | Added a provision in Article 368 that amendments would NOT be subject to judicial review. |
| Minerva Mills Case | 1980 | That provision was struck down (declared unconstitutional) — judicial review is itself part of the Basic Structure. |

***Current Position***

*Parliament can amend Fundamental Rights — but cannot alter the 'Basic Structure' of the Constitution.*




# मौलिक अधिकारों से संबंधित प्रमुख सिद्धांत

## Indian Polity | Exam Notes

### Fundamental Rights Doctrines

सत्यमेव जयते

### 1 आच्छादन का सिद्धांत (Doctrine of Eclipse)




संविधान-पूर्व वे कानून, जो मौलिक अधिकारों से असंगत हैं, पूर्णतः समाप्त नहीं होते; वे केवल मौलिक अधिकारों के आच्छादन में निष्क्रिय हो जाते हैं। असंगति दूर होने पर वे पुनः प्रभावी हो सकते हैं।

**मुख्य बिंदु:** यह सिद्धांत मुख्यतः pre-constitutional laws पर लागू होता है।

**प्रमुख वाद:** भिकाजी नारायण धाक्रस बनाम मध्य प्रदेश राज्य (1955)

### 2 पृथक्करणीयता का सिद्धांत (Doctrine of Severability)



यदि किसी कानून का केवल एक भाग मौलिक अधिकारों के विरुद्ध है, तो केवल वही भाग अमान्य होगा; शेष वैध भाग प्रभावी रहेगा, यदि उसे अलग किया जा सके।

**मुख्य बिंदु:** पूरा कानून नहीं, केवल असंवैधानिक भाग शून्य होता है।

**प्रमुख वाद:** स्टेट ऑफ बॉम्बे बनाम एफ. एन. बलसारा (1951)

### 3 अधित्याग का सिद्धांत (Doctrine of Waiver)



भारत में कोई व्यक्ति अपने मौलिक अधिकारों का स्वेच्छा से त्याग (waive) नहीं कर सकता, क्योंकि ये अधिकार केवल व्यक्तिग्तत नहीं बल्कि सार्वजनिक महत्व भी रखते हैं।

**मुख्य बिंदु:** Fundamental Rights waivable नहीं हैं।

**प्रमुख वाद:** बशेशर नाथ बनाम आयकर आयुक्त (1959)

### 4 भविष्यलक्षी अधिनिर्णयन का सिद्धांत (Doctrine of Prospective Overruling)




न्यायालय किसी नए संवैधानिक सिद्धांत या व्याख्या को भविष्य से लागू करता है, ताकि पूर्व में किए गए कार्य या निर्णय अप्रभावित रहें।

**मुख्य बिंदु:** निर्णय prospective effect से लागू होता है, retrospective नहीं।

**प्रमुख वाद:** आई. सी. गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य (1967)

## परीक्षा हेतु विशेष




- **Eclipse** = pre-constitutional law temporarily inactive
- **Severability** = invalid part separated, valid part survives
- **Waiver** = Fundamental Rights cannot be waived
- **Prospective Overruling** = new rule applies for the future



# Major Doctrines Related to Fundamental Rights

Indian Polity | Exam Notes

## Fundamental Rights Doctrines

### 1. Doctrine of Eclipse




Pre-Constitution laws that are inconsistent with Fundamental Rights are not completely dead; they remain overshadowed and become inoperative only to the extent of inconsistency. If the inconsistency is removed, they may become operative again.

**Key Point:** This doctrine mainly applies to pre-constitutional laws.

**Leading Case:** Bhikaji Narain Dhakras v. State of Madhya Pradesh (1955)

### 2. Doctrine of Severability



If only one part of a law violates Fundamental Rights, only that offending part becomes void. The rest of the valid law remains effective, provided it can be separated.

**Key Point:** Not the entire law, only the unconstitutional part becomes void.

**Leading Case:** State of Bombay v. F. N. Balsara (1951)

### 3. Doctrine of Waiver



In India, a person cannot voluntarily waive Fundamental Rights, because these rights are not merely personal rights; they also serve a public purpose.

**Key Point:** Fundamental Rights cannot be waived.

**Leading Case:** Basheshar Nath v. Commissioner of Income Tax (1959)

### 4. Doctrine of Prospective Overruling




A court may apply a new constitutional interpretation only to the future, so that past actions and decisions remain unaffected.

**Key Point:** The decision operates prospectively, not retrospectively.

**Leading Case:** I.C. Golaknath v. State of Punjab (1967)

## Exam Special

- **Eclipse** = pre-constitutional law remains temporarily inoperative
- **Severability** = invalid part is separated, valid part survives
- **Waiver** = Fundamental Rights cannot be waived
- **Prospective Overruling** = new rule applies only for the future

# 7) संविधान का मूल ढाँचा

1) भारतीय न्यायपालिका द्वारा विकसित सबसे क्रांतिकारी और महत्वपूर्ण सिद्धांत है।

2) यह सिद्धांत सुनिश्चित करता है कि संसद अपनी संशोधन शक्ति का उपयोग करके संविधान की "आत्मा" या उसके मूलभूत दर्शन को नष्ट नहीं कर सकती।

3) उत्पत्ति → केशवानंद भारती केस (1973)

- स्वामी केशवानंद भारती : केरल के कासरगोड जिले में स्थित एडानीर मठ
- केरल सरकार ने 'केरल भूमि सुधार संशोधन अधिनियम' पारित किया, जिसके तहत सरकार ने एडानीर मठ की हजारों एकड़ जमीन ले लिया।
- मशहूर वकील नानी पालकीवाला (Nani Palkhivala)
- केरल के भूमि सुधार कानून को भी 29वें संशोधन के जरिए संविधान की 9वीं अनुसूची में डाल दिया गया।



# 7) Basic Structure of the Constitution

1) It is the most revolutionary and significant doctrine developed by the Indian judiciary.

2) This doctrine ensures that Parliament cannot destroy the "soul" or fundamental philosophy of the Constitution using its amending power.

3) Origin → Kesavananda Bharati Case (1973)

- Swami Kesavananda Bharati : Head of Edneer Mutt in Kasaragod district, Kerala
- The Kerala government passed the 'Kerala Land Reforms Amendment Act', under which thousands of acres of Edneer Mutt's land were acquired.
- Famous lawyer Nani Palkhivala argued the case.
- Kerala's land reform laws were also placed in the 9th Schedule of the Constitution via the 29th Amendment.



## 4) नया मोड़ → इंदिरा सरकार बनाम सुप्रीम कोर्ट

- गोलकनाथ केस (1967) → संसद मौलिक अधिकारों में कोई संशोधन नहीं कर सकती।
- इंदिरा सरकार → 24वां, 25वां और 29वां संशोधन
- 24वां संशोधन (1971) → संसद को संविधान के किसी भी हिस्से में संशोधन करने की शक्ति दी और राष्ट्रपति की मंजूरी को अनिवार्य कर दिया।
- 25वां संशोधन (1971) → नीति निर्देशक तत्वों को कुछ मौलिक अधिकारों पर प्राथमिकता दी
- 29वां संशोधन (1972) → केरल भूमि सुधार कानूनों को 9वीं अनुसूची में।

## 4) 24 अप्रैल 1973 → 7-6 के बहुमत से फैसला

- मुख्य **न्यायाधीश एस.एम. सीकरी** ने 13 जजों की अब तक की सबसे बड़ी संवैधानिक पीठ का गठन किया।
- स्वामी केशवानंद भारती अपना केस हार गए
- सरकार की जीत : कोर्ट ने माना कि संसद अनुच्छेद 368 के तहत संविधान के किसी भी हिस्से में संशोधन कर सकती है।
- संविधान की जीत : संसद की संशोधन करने की शक्ति "असीमित" नहीं है। संसद संविधान के "मूल ढाँचे" को नहीं बदल सकती है।

## 4) New Turn → Indira Government vs Supreme Court

- Golaknath Case (1967) → Parliament cannot amend Fundamental Rights at all.
- Indira Government → 24th, 25th and 29th Amendments
- 24th Amendment (1971) → Gave Parliament power to amend any part of the Constitution and made Presidential assent mandatory.
- 25th Amendment (1971) → Gave Directive Principles of State Policy precedence over certain Fundamental Rights.
- 29th Amendment (1972) → Placed Kerala Land Reform laws in the 9th Schedule.

## 4) 24 April 1973 → Judgment by 7-6 majority

- Chief Justice S.M. Sikri constituted a 13-judge constitutional bench — the largest ever.
- Swami Kesavananda Bharati lost his case.
- Government's victory : The Court held that Parliament can amend any part of the Constitution under Article 368.
- Constitution's victory : Parliament's amending power is not "unlimited." Parliament cannot alter the "Basic Structure" of the Constitution.

**4) संविधान का मूल ढाँचा :** सुप्रीम कोर्ट ने मूल ढाँचे की कोई एक निश्चित और अंतिम सूची नहीं दी है। न्यायालय समय-समय पर विभिन्न मुकदमों के आधार पर यह तय करता है कि कोई विशेष विशेषता मूल ढाँचे का हिस्सा है या नहीं। :

- संविधान की सर्वोच्चता
- लोकतांत्रिक और गणराज्य प्रकृति
- धर्मनिरपेक्षता (Secularism
- शक्तियों का पृथक्करण (Separation of Powers)
- संघीय स्वरूप (Federal Character
- न्यायिक समीक्षा (Judicial Review)
- कानून का शासन (Rule of Law)
- स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रणाली
- मौलिक अधिकारों और नीति निर्देशक तत्वों के बीच संतुलन : दोनों को एक-दूसरे का पूरक माना गया है (मिनर्वा मिल्स केस, 1980)

**5) महत्व :** यह सिद्धांत भारतीय लोकतंत्र के लिए एक 'सुरक्षा वाल्व' (Safety Valve) की तरह काम करता है :

- संसद की तानाशाही पर रोक
- नागरिकों के अधिकारों की
- न्यायपालिका की स्वतंत्रता

संक्षेप में, मूल ढाँचे का सिद्धांत यह गारंटी देता है कि समय के साथ भारत की नीतियां और कानून बदल सकते हैं, लेकिन "भारत का बुनियादी चरित्र" हमेशा वही रहेगा जिसका सपना संविधान निर्माताओं ने देखा था।

4) **Elements of Basic Structure :** The Supreme Court has not given any single definitive and final list of the Basic Structure. The Court determines it from time to time based on different cases. :

- Supremacy of the Constitution
- Democratic and Republican nature
- Secularism
- Separation of Powers
- Federal Character
- Judicial Review
- Rule of Law
- Free and Fair Election System
- Balance between Fundamental Rights and Directive Principles : Both are considered complementary to each other (Minerva Mills Case, 1980).

5) **Significance :** This doctrine works as a 'Safety Valve' for Indian democracy :

- Checks parliamentary tyranny
- Protects citizens' rights
- Independence of the Judiciary

In short, the Basic Structure doctrine guarantees that India's policies and laws may change with time, but the "fundamental character of India" will always remain what the Constitution makers dreamed of.

## 1. पृष्ठभूमि: 24 अप्रैल 1973 का महत्व

वामन राव और आई.आर. कोएल्हो, दोनों ही वादों का आधार **केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य (1973)** का फैसला है। 24 अप्रैल 1973 को ही यह ऐतिहासिक फैसला सुनाया गया था, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार कहा था कि संसद संविधान में संशोधन कर सकती है, लेकिन वह इसके **'मूल ढांचे'** को नष्ट या बदल नहीं सकती।

## 2. वामन राव बनाम भारत संघ (1981)

- **कट-ऑफ डेट का निर्धारण:** सुप्रीम कोर्ट ने केशवानंद भारती फैसले की तारीख (24 अप्रैल 1973) को एक 'लक्ष्मण रेखा' के रूप में तय किया।
- **फैसला:** न्यायालय ने स्पष्ट किया कि 24 अप्रैल 1973 से पहले 9वीं अनुसूची में शामिल किए गए अधिनियमों और विनियमों को चुनौती नहीं दी जा सकती। लेकिन, इस तारीख के *बाद* शामिल किए गए किसी भी कानून को इस आधार पर चुनौती दी जा सकती है कि वह संविधान के मूल ढांचे को नुकसान पहुंचाता है।

## 3. आई.आर. कोएल्हो बनाम तमिलनाडु राज्य (2007)

इसे आम तौर पर "**9वीं अनुसूची केस**" के नाम से जाना जाता है। 9 जजों की संविधान पीठ ने सर्वसम्मति से वामन राव केस के फैसले पर मुहर लगाई और उसे अधिक स्पष्टता प्रदान की।

## 1) Background : Significance of 24 April 1973

Both the Waman Rao and I.R. Coelho cases are based on the Kesavananda Bharati vs. State of Kerala (1973) judgment.This landmark judgment was delivered on 24 April 1973, in which the Supreme Court stated for the first time that Parliament can amend the Constitution, but it cannot destroy or alter its 'Basic Structure'

## 2) Waman Rao vs. Union of India (1981)

- **Fixing the cut-off date :** The Supreme Court fixed the date of the Kesavananda Bharati judgment (24 April 1973) as a 'Lakshman Rekha' (a line not to be crossed)
- **Judgment :** Judgment: The Court clarified that Acts and Regulations included in the Ninth Schedule before 24 April 1973 cannot be challenged. However, any law included after this date can be challenged on the ground that it damages the Basic Structure of the Constitution.

## 3) I.R. Coelho vs. State of Tamil Nadu (2007)

This is commonly known as the "Ninth Schedule Case".A 9-judge Constitution Bench unanimously upheld the judgment in the Waman Rao case and provided further clarity to it.

# 8) समानता का अधिकार (Right to Equality)

**अनुच्छेद 14 से 18 (Articles 14 to 18)**

- अनुच्छेद 14 → विधि के समक्ष समानता (Equality before Law)
- अनुच्छेद 15 → धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव नहीं (Prohibition of Discrimination)
- अनुच्छेद 16 → सार्वजनिक रोजगार में अवसर की समानता (Equality of Opportunity in Public Employment)
- अनुच्छेद 17 → अस्पृश्यता' का अंत (Abolition of untouchability)
- अनुच्छेद 18 → उपाधियों का अंत (Abolition of Titles)

# 8) Right to Equality

## Articles 14 to 18

- Article 14 → Equality before law
- Article 15 → No discrimination on grounds of religion, race, caste, sex or place of birth
- Article 16 → Equality of opportunity in public employment
- Article 17 → Abolition of untouchability
- Article 18 → Abolition of titles

# अनुच्छेद 14 → विधि के समक्ष समता (Equality before law)

## विधि के समक्ष समता (Equality before Law)

- ब्रिटिश (अल्बर्ट वेन डायसी)
- कानून सभी पर समान रूप से लागू
- नकारात्मक




## विधियों का समान संरक्षण (Equal Protection of Laws)

- अमेरिका
- समान परिस्थितियों में समान व्यवहार / कानून
- सकारात्मक - युक्तियुक्त भेदभाव वर्गीकरण की अनुमति

# Article 14 → Equality before law

## *Equality before Law*

- British Concept (A.V. Dicey)
- Law applies equally to all
- Negative concept




## *Equal Protection of Laws*

- American
- Equal treatment / law in equal circumstances
- Positive — permits reasonable discriminatory classification

# महत्वपूर्ण संवैधानिक अवधारणाएँ

सत्यमेव जयते

POLITY

## 1 समानता से संबंधित (अनुच्छेद 14)

(कानून लोगों के साथ कैसा व्यवहार करेगा)

### 1 विधि के समक्ष समता (Equality before Law)

→ **स्रोत:** ब्रिटिश संविधान (ए.वी. डायसी का 'विधि का शासन')।

→ **प्रकृति:** नकारात्मक (Negative), क्योंकि यह राज्य को विशेषाधिकार देने से रोकता है।

→ **मूल अर्थ:** कानून की नजर में सब बराबर हैं। कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं है।

→ **सरल शब्द में:** "कानून अंधा है, वह सभी पर एक समान लागू होगा।"

### 2 विधियों का समान संरक्षण (Equal Protection of Laws)

→ **स्रोत:** अमेरिकी संविधान।

→ **प्रकृति:** सकारात्मक, क्योंकि यह राज्य को कमजोर वर्गों के लिए विशेष नियम बनाने की अनुमति देता है।

→ **मूल अर्थ:** समान परिस्थितियों वाले लोगों के साथ समान व्यवहार होना चाहिए। इसी आधार पर आरक्षण या महिलाओं/बच्चों के लिए विशेष प्रावधान किए जाते हैं।

→ **सरल शब्द में:** "कानून अंधा नहीं है, वह जरूरत के हिसाब से युक्तिसंगत भेदभाव कर सकता है।"

## 2 जीवन और स्वतंत्रता की रक्षा से संबंधित (अनुच्छेद 21)

(राज्य किसी व्यक्ति की जान या आज़ादी किस प्रक्रिया के तहत छीन सकता है)

### 3 विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया (Procedure Established by Law)

→ **स्रोत:** जापानी संविधान।

→ **भारतीय संविधान में स्थिति:** मूल रूप से अनुच्छेद 21 में लिखित।

→ **दायरा:** संकीर्ण (Narrow)।

→ **मूल अर्थ:** न्यायालय केवल यह जांचेगा कि विधायिका (संसद) ने कानून बनाते समय सही 'प्रक्रिया' का पालन किया है या नहीं।

→ **सरल शब्द में:** "प्रक्रिया सही है, तो कानून वैध है (भले ही कानून कठोर हो)।"

### 4 विधि की उचित/सम्यक् प्रक्रिया (Due Process of Law)

→ **स्रोत:** अमेरिकी संविधान।

→ **भारतीय संविधान में स्थिति:** संविधान में लिखा नहीं है, लेकिन मेनका गांधी केस (1978) के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इसे लागू कर दिया है।

→ **दायरा:** व्यापक (Broad)।

→ **मूल अर्थ:** कानून् केवल सही प्रक्रिया से ही पारित नहीं होना चाहिए, बल्कि वह कानून् न्यायपूर्ण, उचित और तार्किक (Just, Fair and Reasonable) भी होना चाहिए। यदि कानून् मनमाना है, तो अदालत उसे रद्द कर सकती है।

→ **सरल शब्द में:** "प्रक्रिया भी सही होनी चाहिए और कानून की नीयत (Intent) भी साफ और न्यायपूर्ण होनी चाहिए।"

☆ **याद रखें:** अनुच्छेद 14 समानता देता है, अनुच्छेद 21 गरिमा के साथ जीने का अधिकार देता है। ☆



Satyameva Jayate

# Important Constitutional Concepts




## 1 Equality Related (Article 14)

How the law should treat people

### 1 Equality before Law (Equality before Law)

- → **Source:** British Constitution (A.V. Dicey's 'Rule of Law').
- → **Nature:** Negative, because it prevents the state from granting special privileges.
- → **Core Meaning:** Everyone is equal in the eyes of the law. No person is above the law.
- → **In Simple Words:** "The law is blind; it applies equally to everyone."

### 2 Equal Protection of Laws (Equal Protection of Laws)

- → **Source:** American Constitution.
- → **Nature:** Positive, because it allows the state to make special rules for weaker sections.
- → **Core Meaning:** People in similar circumstances should be treated equally. On this basis, reservation or special provisions are made for women and children.
- → **In Simple Words:** "The law is not blind; it can make reasonable distinctions according to need."

## 2 Protection of Life and Liberty (Article 21)

Under what process can the state take away a person's life or liberty?



### 3 Procedure Established by Law (Procedure Established by Law)

- → **Source:** Japanese Constitution.
- → **Position in the Indian Constitution:** Originally written in Article 21.
- → **Scope:** Narrow.
- → **Core Meaning:** The court will only examine whether the legislature (Parliament) followed the correct procedure while making the law.
- **In Simple Words:** "If the procedure is correct, the law is valid, even if the law is harsh."



### 4 Due Process of Law (Due Process of Law)

- → **Source:** American Constitution.
- → **Position in the Indian Constitution:** It is not written in the Constitution, but after the Maneka Gandhi case (1978), the Supreme Court effectively applied it.
- → **Scope:** Broad.
- → **Core Meaning:** A law should not only be passed through the correct procedure, but it must also be just, fair, and reasonable. If a law is arbitrary, the court can strike it down.
- → **In Simple Words:** "The procedure must be correct, and the intent of the law must also be clear and just."



★ **Remember:** Article 14 gives equality, while Article 21 gives the right to live with dignity. ★

# अनुच्छेद 14 के अपवाद

1) **राष्ट्रपति और राज्यपाल (अनुच्छेद 361) :**

- राष्ट्रपति या राज्यपाल अपने कार्यकाल के दौरान किए गए किसी भी कार्य के लिए **न्यायालय के प्रति जवाबदेह नहीं** होंगे।
- कार्यकाल के दौरान → **कोई भी आपराधिक कार्यवाही शुरू या चालू नहीं** की जा सकती।
- कार्यकाल के दौरान उनकी **गिरफ्तारी या कारावास के लिए कोई आदेश जारी नहीं** किया जा सकता।
- उनके व्यक्तिगत कार्यों के लिए भी, पद पर रहते हुए उनके खिलाफ **दीवानी (Civil)** कार्यवाही शुरू करने से पहले **2 महीने का पूर्व नोटिस देना** अनिवार्य है।

2) **अनुच्छेद 361-A :** यदि कोई व्यक्ति संसद या राज्य विधानमंडल के किसी भी सदन की सत्य कार्यवाही का प्रकाशन करता है, तो उसके खिलाफ कोई दीवानी या आपराधिक कार्यवाही नहीं की जा सकती।

3) **अनुच्छेद 105 :** किसी भी **संसद सदस्य** द्वारा संसद या उसकी किसी समिति में कही गई किसी बात या दिए गए वोट के लिए न्यायालय में कोई कार्यवाही नहीं की जा सकती।

4) **अनुच्छेद 194 :** MLAs/MLCs

5) **अनुच्छेद 31-C :** यदि राज्य **अनुच्छेद 39 (b) या (c)** को लागू करने के लिए कोई कानून बनाता है, तो उसे अनुच्छेद **14 के उल्लंघन के आधार पर चुनौती नहीं** दी जा।

- सर्वोच्च न्यायालय → "जहां अनुच्छेद 31-C प्रवेश करता है, वहां से अनुच्छेद 14 बाहर चला जाता है।"

## Exceptions to Article 14

1) **President and Governor (Article 361) :**
   - Not answerable to any court for any act done during their term of office
   - During term → No criminal proceedings can be initiated or continued
   - No order for arrest or imprisonment can be issued during the term
   - Even for personal acts, 2 months' prior notice mandatory before initiating civil proceedings while in office

2) **Article 361-A :** Publishing true proceedings of Parliament or State Legislature → No civil or criminal proceedings

3) **Article 105 :** No court proceedings against an MP for any speech or vote in Parliament or its committees

4) **Article 194 :** MLAs/MLCs (same protection at state level)

5) **Article 31-C :** A law made to implement Article 39(b) or (c) cannot be challenged on grounds of violation of Article 14
   - Supreme Court → "Where Article 31-C enters, Article 14 exits."

6) **अंतरराष्ट्रीय कानून (International Law)** के स्थापित सिद्धांतों के अनुसार, भारत में कुछ विदेशी संस्थाओं और व्यक्तियों को भारतीय कानूनों (अनुच्छेद 14 सहित) से विशेष उन्मुक्ति (immunity) प्राप्त है :-

- **विदेशी संप्रभु और शासक (Foreign Sovereigns and Rulers) :** विदेशी राष्ट्राध्यक्षों और शासकों पर भारतीय न्यायालयों में दीवानी और आपराधिक मुक़दमे नहीं चलाए जा सकते।
- **राजनयिक (Ambassadors and Diplomats) :** वियना कन्वेंशन के तहत, विदेशी राजदूतों और राजनयिकों को भारत के आपराधिक और दीवानी क्षेत्राधिकार से पूर्ण छूट प्राप्त है।
- **अंतरराष्ट्रीय संगठन :** संयुक्त राष्ट्र संघ (UNO) और इसकी विभिन्न एजेंसियों (जैसे WHO, UNESCO आदि) को भी अंतरराष्ट्रीय समझौतों के तहत राजनयिक उन्मुक्ति (Diplomatic immunity) प्राप्त होती है।



6) According to the established principles of International Law, certain foreign entities and individuals in India enjoy special immunity from Indian laws (including Article 14). :-

- **Foreign Sovereigns and Rulers :** Cannot be sued in Indian courts in civil or criminal matters
- **Ambassadors and Diplomats :** Ambassadors and Diplomats (Vienna Convention): Foreign envoys have complete immunity from India's criminal and civil jurisdiction
- **International Organizations :** UNO and its agencies (WHO, UNESCO etc.) enjoy diplomatic immunity under international agreements



# मौलिक अधिकार : विचार, सिद्धांत और स्वर्णिम त्रिभुज

## 1 जवाहरलाल नेहरू

“ ‘एक मौलिक अधिकार को इस समय की किसी विशेष कठिनाई के दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि एक ऐसी चीज के रूप में देखा जाना चाहिए जिसे आप संविधान में **स्थायी** (Permanent) बनाना चाहते हैं। ”

➡ नेहरू जी मौलिक अधिकारों को नागरिकों के विकास के लिए अनिवार्य मानते थे, लेकिन साथ ही वे अधिकारों और सामाजिक ज़िम्मेदारी के बीच संतुलन के पक्षधर थे।

## 2 उदार लोकतंत्र और स्वतंत्रता की सुरक्षा

एक उदार लोकतंत्र (Liberal Democracy) में नागरिकों की स्वतंत्रता की सर्वोत्तम सुरक्षा **‘शक्तियों के पृथक्करण’** (Separation of Powers) द्वारा सुनिश्चित होती है।

➡ इस सिद्धांत को मूल रूप से फ्रांसीसी दार्शनिक मोंटेस्क्यू ने प्रतिपादित किया था।




## 3 डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन

“ ये अधिकार महज कुछ कानूनी नियम नहीं हैं, बल्कि यह देश के नागरिकों के लिए एक वादा (प्रतिज्ञा) और अंतरांष्ट्रीय समुदाय व सभ्य दुनिया के साथ किया गया एक समझौता है। ”

## 4 मेनका गांधी बनाम भारत संघ (1978)

  - **निर्णय:** न्यायालय ने किसी अखबार पर 'पूर्व-सेंसरशिप' (Pre-censorship) लगाने को अनुच्छेद 19(1)(a) का उल्लंघन माना।
- **बेनेट कोलमैन एंड कंपनी बनाम भारत संघ (1972):**
  - **निर्णय:** न्यूजप्रिंट नियंत्रण आदेश (Newsprint Control Order) को चुनौती दी गई थी। न्यायालय ने कहा कि अखबारों के पृष्ठों की संख्या सीमित करना सीधे तौर पर प्रेस की स्वतंत्रता का हनन है।

## 2. इंटरनेट और डिजिटल अधिकारों से जुड़े आधुनिक वाद

- **श्रेया सिंघल बनाम भारत संघ (2015):**
  - **निर्णय:** यह एक ऐतिहासिक फैसला है जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने IT एक्ट की 'धारा 66A' को असंवैधानिक घोषित करते हुए रद्द कर दिया।
  - **महत्व:** न्यायालय ने माना कि यह धारा बहुत अस्पष्ट थी और इंटरनेट पर नागरिकों की 'वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' पर "शीतलन प्रभाव" (Chilling Effect) डालती थी।
- **अनुराधा भसीन बनाम भारत संघ (2020):**
  - **निर्णय:** जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट निलंबन के संदर्भ में यह निर्णय आया।
  - **महत्व:** सुप्रीम कोर्ट ने घोषित किया कि इंटरनेट के माध्यम से वाक् एवं अभिव्यक्ति का अधिकार [अनुच्छेद 19(1)(a)] और इंटरनेट के माध्यम से कोई व्यापार या कारोबार करने का अधिकार [अनुच्छेद 19(1)(g)] मौलिक अधिकार हैं। अनिश्चित काल के लिए इंटरनेट बंद करना असंवैधानिक है।

## 3. राजद्रोह, आलोचना और असहमति से जुड़े वाद

- **केदारनाथ सिंह बनाम बिहार राज्य (1962):**
  - **निर्णय:** न्यायालय ने राजद्रोह (IPC की धारा 124A) की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा, लेकिन इसके दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्त दिशा-निर्देश दिए।
  - **महत्व:** यह स्पष्ट किया गया कि सरकार की कड़ी आलोचना करना या असहमति जताना तब तक राजद्रोह नहीं है, जब तक कि वह हिंसा न भड़काए या सार्वजनिक व्यवस्था (Public Order) को भंग न करे।

## 4. अन्य महत्वपूर्ण अधिकार (हड़ताल, प्रदर्शन आदि)

- **टी.के. रंगराजन बनाम तमिलनाडु सरकार (2003):**
  - **निर्णय:** न्यायालय ने स्पष्ट किया कि सरकारी कर्मचारियों को 'हड़ताल करने का कोई मौलिक, वैधानिक या नैतिक अधिकार नहीं है'। (अनुच्छेद 19 विरोध का अधिकार देता है, हड़ताल का नहीं)।
- **नवीन जिंदल बनाम भारत संघ (2004):**
  - **निर्णय:** अपने घर या कार्यालय पर सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज फहराना अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है।
- **पीयूसीएल (PUCL) बनाम भारत संघ (2003):**
  - **निर्णय:** चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के आपराधिक रिकॉर्ड, संपत्ति और शैक्षिक पृष्ठभूमि को जानने का अधिकार मतदाताओं का मौलिक अधिकार है, जो अनुच्छेद 19(1)(a) से ही निकलता है।

# KEY SUPREME COURT CASES ON FREEDOM OF EXPRESSION

## 1. Freedom of Press & Media Cases

- **Romesh Thapar v. State of Madras (1950):**
- **Ruling:** SC clarified that 'Freedom of Speech & Expression' [19(1)(a)] inherently includes 'Freedom of the Press' and 'Right to Circulation'.
- **Significance:** Expression cannot be restricted solely on 'Public Safety' unless there's a direct threat to National Security.
- **Brij Bhushan v. State of Delhi (1950):**
- **Ruling:** Court held imposing 'Pre-पूर्व-सेंसर censorship' on a newspaper is a violation of Article 19(1)(a).
- **Bennett Coleman v. Union of India (1972):**
- **Ruling:** Challenged Newsprint Control Order. Court ruled that lir ting the number of newspaper pages is a violation of Press Freedom.

## 2. Modern Cases on Internet & Digital Rights

- **Shreya Singhal v. Union of India (2015):**
- **Ruling:** A landmark decision where SC declared IT Act 'Section 66A' unconstitutional and struck it down.
- **Significance:** Section was too vague, creating a 'Chilling Effect' on internet freedom of speech.
- **Anuradha Bhasin v. Union of India (2020):**
- **Ruling:** Decision in the context of internet shutdown in Jammu and Kashmir.
- **Significance:** SC declared that Right to Free Speech via Internet [Art 19(1)(a)] and to conduct Business [Art 19(1)(g)] are Indefinite internet shutdowns are unconstitutional.

## 3. Cases on Sedition, Criticism, & Dissent

- **Kedar Nath Singh v. State of Bihar (1962):**
- **Ruling:** Court upheld the validity of Sedition (IPC 124A) but gave strict guidelines to prevent its misuse.
- **Significance:** Criticizing the government is not sedition unless it incites violence or public disorder.

## 4. Other Important Rights (Strikes, Protests, etc.)

- **T.K. Rangarajan v. Govt of Tamil Nadu (2003):**
- **Ruling:** Court clarified that gov employees have no fundamental, statutory, or moral 'right to strike'. (Art 19 gives right to protest, not strike).
- **Navin Jindal v. Union of India (2004):**
- **Ruling:** Flying the national flag respectfully at home or office is a fundamental right under Art 19(1)(a).
- **PUCL v. Union of India (2003):**
- **Ruling:** Voters have a fundamental right under 19(1)(a) to know candidates' criminal records, assets, and education.

# अनुच्छेद 20 → अपराधों के लिए दोषसिद्धि के संबंध में संरक्षण

**20 (1)**

कार्येत्तर विधियों से संरक्षण (Protection against Ex-Post-Facto Laws)

**20 (2)**

दोहरे दंड से संरक्षण (Protection against Double Jeopardy)

**20 (3)**

स्व-अभिशंसन से संरक्षण (Protection against Self-Incrimination)

**20 (1)**

- किसी व्यक्ति को तब तक किसी अपराध के लिए दोषी नहीं ठहराया जा सकता, जब तक कि उसने कोई ऐसा कार्य न किया हो जो उस कार्य के किए जाने के समय लागू किसी कानून का उल्लंघन हो।
- किसी व्यक्ति को उस सजा से अधिक सजा नहीं दी जा सकती, जो उस अपराध के किए जाने के समय लागू कानून के तहत निर्धारित थी।

- **केवल आपराधिक कानूनों (Criminal Laws) पर लागू → भूतलक्षी विधान' (Retrospective Legislation) या पूर्व-व्यापी कानून नहीं**
- **यदि कोई नया कानून किसी अपराध की सजा को कम करता है, तो अपराधी उस नए कानून का लाभ मांग सकता है।**
- **यदि सरकार मुकदमे की प्रक्रिया (trial procedure) या कोर्ट के अधिकार क्षेत्र में कोई बदलाव करती है, तो उसे पिछली तारीख से लागू किया जा सकता है।**

# Article 20 → Protection in respect of conviction for offences

- **20 (1)** — Protection against Ex-Post-Facto Laws
- **20 (2)** — Protection against Double Jeopardy
- **20 (3)** — Protection against Self-Incrimination

**20 (1)**

- No person can be convicted of an offence unless they committed an act that violated a law in force at the time the act was committed
- No person can be given a penalty greater than that prescribed under the law in force at the time the offence was committed.

- **Applies only to criminal laws → not to retrospective civil legislation.**
- **If a new law reduces the punishment for an offence, the offender can claim the benefit of that new law**
- **If the government makes a change to trial procedure or court jurisdiction, it can be applied retrospectively**

**20 (2)**

- एक ही अपराध के लिए एक से अधिक बार "अभियोजित **और** दंडित" (prosecuted and punished) नहीं किया जाएगा।
- न्यायशास्त्र के प्रसिद्ध सिद्धांत "Nemo debet bis vexari" पर आधारित है।

**20 (3)**

- किसी भी अपराध के आरोपी को खुद अपने ही खिलाफ गवाही देने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है।

- **यह सुरक्षा केवल न्यायालयों या न्यायिक न्यायाधिकरणों के समक्ष कार्यवाही पर लागू होती है।**
- **किसी सरकारी कर्मचारी को कोर्ट द्वारा सजा मिलने के बाद, उसका विभाग भी उसे नौकरी से निकाल सकता है। इसे दोहरा दंड नहीं माना जाता है। (मकबूल हुसैन बनाम बंबई राज्य)**
- **एक ही कृत्य से दो अलग-अलग अपराध बनते हैं, तो दोनों के लिए अलग-अलग मुकदमा चलाया जा सकता है।**
- **यदि व्यक्ति पर मुकदमा चला (Prosecuted) लेकिन वह बरी हो गया (Not Punished), तो संविधान उसे दोबारा उसी अपराध के लिए अभियोजित होने से सीधे तौर पर नहीं बचाता है।**
- **44वें संविधान संशोधन अधिनियम (1978) → राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान भी अनुच्छेद 20 और अनुच्छेद 21 को निलंबित नहीं किया जा सकता है।**



**20 (2)**

- No person shall be "prosecuted and punished" more than once for the same offence
- Based on the well-known jurisprudential principle "Nemo debet bis vexari"

**20 (3)**

- A person accused of any offence cannot be compelled to be a witness against themselves

- **This protection applies only to proceedings before courts or judicial tribunals**
- **After a government employee is punished by a court, their department can also dismiss them from service. This is not considered double punishment. (Maqbool Hussain v. State of Bombay**
- **If a single act constitutes two different offences, separate trials can be conducted for both**
- **If a person was prosecuted but acquitted (not punished), the Constitution does not directly protect them from being prosecuted again for the same offence**
- **44th Constitutional Amendment Act (1978) → Articles 20 and 21 cannot be suspended even during a National Emergency**



# अनुच्छेद 21 → प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता का संरक्षण (Protection of life & personal liberty)

- किसी भी व्यक्ति को उसके प्राण या दैहिक स्वतंत्रता से **विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया (Procedure established by law)** के अनुसार ही वंचित किया जाएगा, अन्यथा नहीं।
- **नागरिक एवं विदेशी** — दोनों को प्राप्त है।
- मेनका गांधी मामला (1978) अनुच्छेद 21 के इतिहास का सर्वाधिक ऐतिहासिक निर्णय है।
- इसी निर्णय के बाद "विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया" की व्याख्या **"सम्यक् विधिक प्रक्रिया (Due Process of Law)"** के रूप में होने लगी।
- 44वें संविधान संशोधन (1978) के बाद से, आपातकाल के दौरान भी अनुच्छेद 21 को निलंबित नहीं किया जा सकता है।

| तुलना का आधार | ए.के. गोपालन (1950) | मेनका गांधी (1978) |
|---|---|---|
| **दृष्टिकोण** | संकीर्ण व्याख्या। | व्यापक (Broad) |
| **संरक्षण का दायरा** | केवल कार्यपालिका के खिलाफ। | कार्यपालिका और विधायिका दोनों। |
| **विधि का सिद्धांत** | कठोर रूप से **"विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया"** (जापान) का पालन। कानून कैसा भी हो, यदि वह संसद द्वारा पारित है, तो मान्य है। | अप्रत्यक्ष रूप से **"विधि की उचित प्रक्रिया"** (अमेरिकी मॉडल) को अपनाया। कानून निष्पक्ष, न्यायसंगत और तार्किक होना चाहिए। |
| **'जीवन' का अर्थ** | केवल शारीरिक रूप से जीवित रहना या पशुवत जीवन माना गया। | 'जीवन' का अर्थ **"मानवीय गरिमा के साथ जीना"** माना गया। |
| **मौलिक अधिकारों का संबंध** | अनुच्छेदों को 'वाटर-टाइट कंपार्टमेंट' (अलग-अलग) माना गया। अनुच्छेद 19 और 21 एक-दूसरे से स्वतंत्र हैं। | **"स्वर्णिम त्रिभुज" (Golden Triangle)** का सिद्धांत: अनुच्छेद 14, 19 और 21 आपस में जुड़े हुए हैं। |

# Article 21 → Protection of life and personal liberty

- No person shall be deprived of their life or personal liberty except according to procedure established by law.
- **Available to both citizens and foreigners**
- The Maneka Gandhi case (1978) is the most landmark judgment in the history of Article 21.)
- After this judgment, "procedure established by law" began to be interpreted as "due process of law".)
- Since the 44th Constitutional Amendment (1978), Article 21 cannot be suspended even during an Emergency

| Basis of Comparison | A.K. Gopalan (1950) | Maneka Gandhi (1978) |
|---|---|---|
| **Approach** | Narrow interpretation | Broad |
| **Scope of Protection** | Only against the Executive | Both Executive and Legislature |
| **Doctrine of Law** | Rigidly followed "Procedure Established by Law" (Japanese model). No matter what the law is, if it is passed by Parliament, it is valid. | Indirectly adopted "Due Process of Law" (American model). The law must be fair, just and reasonable. |
| **Meaning of 'Life'** | 'Life' was interpreted as merely physical existence or animal-like existence. | 'Life' was interpreted as "living with human dignity." |
| **Relationship Between Fundamental Rights** | Articles were treated as 'water-tight compartments' (separate from each other). Articles 19 and 21 were considered independent of one another. | Principle of the "Golden Triangle": Articles 14, 19 and 21 are interconnected with each other. |

| तुलना का आधार | सतवंत सिंह साहनी केस (1967) | मेनका गांधी केस (1978) |
|---|---|---|
| विवाद का मुख्य कारण | बिना किसी कानून के सरकार द्वारा पासपोर्ट सरेंडर करने का आदेश देना। | पासपोर्ट अधिनियम 1967 के तहत बिना कारण बताए पासपोर्ट जब्त करना। |
| सुप्रीम कोर्ट का निर्णय | 'विदेश यात्रा का अधिकार' अनुच्छेद 21 (दैहिक स्वतंत्रता) का हिस्सा है। | कानून की प्रक्रिया मनमानी नहीं हो सकती, उसे 'उचित, न्यायपूर्ण और तार्किक' होना चाहिए। |
| किस पर रोक लगाई? | केवल कार्यपालिका (सरकार/अधिकारियों) की मनमानी पर। | कार्यपालिका और विधायिका (संसद के बनाए कानून) दोनों की मनमानी पर। |
| कानूनी दृष्टिकोण | "विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया" का कड़ाई से (शाब्दिक) पालन किया गया। | अमेरिकी संविधान के "सम्यक विधि प्रक्रिया" (Due Process of Law) के दर्शन को अपनाया गया। |
| प्राकृतिक न्याय | इस पहलू पर कोई विशेष चर्चा नहीं हुई थी। | प्राकृतिक न्याय (Natural Justice) को कानून की प्रक्रिया का अनिवार्य हिस्सा माना गया। |
| तत्काल प्रभाव / परिणाम | सरकार को विदेश यात्रा रोकने के लिए 'पासपोर्ट अधिनियम, 1967' बनाना पड़ा। | भारत में मौलिक अधिकारों के विस्तार का एक नया और सबसे बड़ा युग शुरू हुआ। |

| Basis of Comparison | Satwant Singh Sawhney Case (1967) | Maneka Gandhi Case (1978) |
|---|---|---|
| **Main Cause of Dispute** | Government ordering surrender of passport without any law. | Passport impounded without giving reasons under the Passport Act, 1967. |
| **Supreme Court's Decision** | 'Right to travel abroad' is part of Article 21 (personal liberty). | The procedure of law cannot be arbitrary; it must be 'just, fair and reasonable.' |
| **Whose Power Was Restricted?** | Only the arbitrariness of the Executive (Government/officials). | Arbitrariness of both the Executive and the Legislature (laws made by Parliament). |
| **Legal Approach** | Strict (literal) adherence to "Procedure Established by Law." | Adopted the American Constitution's philosophy of "Due Process of Law." |
| **Natural Justice** | No specific discussion on this aspect. | Natural Justice was held to be an essential part of legal procedure. |
| **Immediate Effect / Outcome** | Government had to enact the 'Passport Act, 1967' to restrict foreign travel. | A new and biggest era of expansion of Fundamental Rights in India began. |

| क्र. | केस (वर्ष) | अनुच्छेद 21 के अंग के रूप में घोषित अधिकार |
|---|---|---|
| 1. | **सतवंत सिंह साहनी** बनाम डी. रामरत्नम(1967) | विदेश यात्रा का अधिकार : पासपोर्ट अधिनियम, 1967 |
| 2. | **एम.एच. होसकोट** बनाम महाराष्ट्र राज्य (1978) | मुफ्त (निःशुल्क) कानूनी सहायता का अधिकार |
| 3. | **हुसैनारा खातून** बनाम गृह सचिव, बिहार (1979) | त्वरित (Speedy) सुनवाई का अधिकार |
| 4. | **फ्रांसिस कोरली मुलिन** बनाम प्रशासक, दिल्ली (1981) | कैदी को जीवन की आधारभूत आवश्यकताएँ पाने का अधिकार |
| 5. | **शीला बरसे** बनाम महाराष्ट्र राज्य (1983) | हिरासत में उत्पीड़न के विरुद्ध अधिकार |
| 6. | **रूरल लिटिगेशन एंड एंटाइटलमेंट केंद्र** बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (1985) | स्वच्छ/सभ्य पर्यावरण का अधिकार |
| 7. | **ओल्गा टेलिस** बनाम बंबई नगर निगम (1985) | आजीविका (Livelihood) का अधिकार |
| 8. | **परमानंद कटारा** बनाम भारत संघ (1989) | आपातकालीन चिकित्सा सहायता का अधिकार (डॉक्टर की सहायता का अधिकार) |
| 9. | **शांतिस्टार बिल्डर्स** बनाम एन.के. टोटेम (1990) | आश्रय (Shelter) का अधिकार |
| 10. | **के.एस. पुट्टास्वामी** बनाम भारत संघ (2017) | एकांतता / निजता (Privacy) का अधिकार |

| S.No. | Case (Year) | Right Declared as Part of Article 21 |
|---|---|---|
| 1. | Satwant Singh Sawhney vs. D. Ramarathnam (1967) | Right to travel abroad: Passport Act, 1967 |
| 2. | M.H. Hoskot vs. State of Maharashtra (1978) | Right to free legal aid |
| 3. | Hussainara Khatoon vs. Home Secretary, Bihar (1979) | Right to speedy trial |
| 4. | Francis Coralie Mullin vs. Administrator, Delhi (1981) | Right of prisoners to basic necessities of life |
| 5. | Sheela Barse vs. State of Maharashtra (1983) | Right against custodial torture |
| 6. | Rural Litigation and Entitlement Kendra vs. State of Uttar Pradesh (1985) | Right to a clean/healthy environment |
| 7. | Olga Tellis vs. Bombay Municipal Corporation (1985) | Right to livelihood |
| 8. | Parmanand Katara vs. Union of India (1989) | Right to emergency medical assistance (right to doctor's aid) |
| 9. | Shantistar Builders vs. N.K. Totame (1990) | Right to shelter |
| 10. | K.S. Puttaswamy vs. Union of India (2017) | Right to privacy |

| | | |
|---|---|---|
| 11. | **एम.सी. मेहता बनाम भारत संघ (कई वाद)** | स्वच्छ पर्यावरण और प्रदूषण रहित जल-वायु का अधिकार |
| 12. | **डी.के. बसु बनाम पश्चिम बंगाल राज्य (1997)** | हथकड़ी लगाने और हिरासत में यातना के विरुद्ध अधिकार |
| 13. | **कॉमन कॉज बनाम भारत संघ (2018) / अरुणा शानबाग** | सम्मान के साथ मरने (निष्क्रिय इच्छामृत्यु) का अधिकार |
| 14. | **अटॉर्नी जनरल ऑफ इंडिया बनाम लछमा देवी (1986)** | सार्वजनिक फांसी के विरुद्ध अधिकार |
| 15. | **मोहिनी जैन (1992) व उन्नी कृष्णन (1993)** | निःशुल्क शिक्षा का अधिकार (बाद में इसे 21A बना दिया गया) |

| | | |
|---|---|---|
| 11. | **M.C. Mehta** vs. Union of India (multiple cases) | Right to a clean environment and pollution-free air and water |
| 12. | **D.K. Basu** vs. State of West Bengal (1997) | Right against handcuffing and custodial torture |
| 13. | **Common Cause** vs. Union of India (2018) / Aruna Shanbaug | Right to die with dignity (passive euthanasia) |
| 14. | **Attorney General of India** vs. Lachhma Devi (1986) | Right against public hanging |
| 15. | **Mohini Jain** (1992) & Unni Krishnan (1993) | Right to free education (later made Article 21A) |

| श्रेणी (Category) | शामिल अधिकार (Rights) |
|---|---|
| **1.मानवीय गरिमा और बुनियादी आवश्यकताएँ**<br>*(Human Dignity & Basic Needs)* | ○ मानवीय प्रतिष्ठा के साथ जीने का अधिकार (1)<br>○ निजता (Privacy) का अधिकार<br>○ आश्रय (Shelter) का अधिकार<br>○ 14 वर्ष की आयु तक निःशुल्क शिक्षा का अधिकार<br>○ प्रतिष्ठा (Reputation) का अधिकार<br>○ शयन (नींद) का अधिकार<br>○ गरिमा के साथ मरने का अधिकार (निष्क्रिय इच्छामृत्यु) |
| **2. स्वास्थ्य, पर्यावरण और जीवन-रक्षा**<br>*(Health, Environment & Survival)* | ○ स्वच्छ पर्यावरण, प्रदूषण-रहित जल/वायु और हानिकारक उद्योगों के विरुद्ध सुरक्षा<br>○ जीवन-रक्षा का अधिकार<br>○ स्वास्थ्य का अधिकार<br>○ आपातकालीन चिकित्सा सुविधा<br>○ सरकारी अस्पतालों में समय पर उचित इलाज<br>○ शोर-प्रदूषण से मुक्ति का अधिकार<br>○ धारणीय विकास का अधिकार<br>○ जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के विरुद्ध अधिकार |

| Category | Rights |
|---|---|
| 1. Human Dignity & Basic Needs | ○ Right to live with human dignity)<br>○ Right to privacy<br>○ Right to shelter<br>○ Right to free education up to the age of 14<br>○ Right to reputation<br>○ Right to sleep<br>○ Right to die with dignity (passive euthanasia) |

| | |
|---|---|
| 2. Health, Environment & Survival | ○ Right to a clean environment, pollution-free water/air, and protection against harmful industries<br>○ Right to preservation of life<br>○ Right to health<br>○ Right to emergency medical aid)<br>○ Right to timely and proper treatment in government hospitals<br>○ Right to freedom from noise pollution<br>○ Right to sustainable development<br>○ Right against the adverse effects of climate change |

| | |
|---|---|
| **3. कानूनी, न्यायिक और कैदियों के अधिकार** <br> *(Legal, Judicial & Prisoners' Rights)* | ○ निःशुल्क कानूनी सहायता का अधिकार <br> ○ एकांत कारावास के विरुद्ध अधिकार <br> ○ त्वरित सुनवाई का अधिकार <br> ○ हथकड़ी लगाने के विरुद्ध अधिकार <br> ○ अमानवीय व्यवहार के विरुद्ध अधिकार <br> ○ विलंबित फांसी के विरुद्ध अधिकार <br> ○ हिरासत में शोषण के विरुद्ध अधिकार <br> ○ निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार <br> ○ कैदी के लिए जीवन की आधारभूत आवश्यकता <br> ○ सार्वजनिक फांसी के विरुद्ध अधिकार <br> ○ दोषसिद्धि करने वाले न्यायालय के आदेश के विरुद्ध अपील <br> ○ बार-बेड़ियों (bar fetters) के विरुद्ध अधिकार |



| | |
|---|---|
| **3. Legal, Judicial & Prisoners' Rights** | ○ Right to free legal aid<br>○ Right against solitary confinement<br>○ Right to speedy trial<br>○ Right against handcuffing<br>○ Right against inhuman treatment<br>○ Right against delayed execution<br>○ Right against custodial exploitation<br>○ Right to a fair trial<br>○ Basic necessities of life for a prisoner<br>○ Right against public hanging<br>○ Right to appeal against the order of the convicting court<br>○ Right against bar fetters |



| | |
|---|---|
| **4. सामाजिक-आर्थिक न्याय और सशक्तिकरण (Socio-Economic Justice & Empowerment)** | ○ बंधुआ मजदूरी के विरुद्ध अधिकार<br>○ महिलाओं के साथ आदर एवं सम्मानपूर्ण व्यवहार<br>○ पारिवारिक पेंशन का अधिकार<br>○ सामाजिक एवं आर्थिक न्याय तथा सशक्तीकरण का अधिकार<br>○ जीवन-बीमा पॉलिसी के विनियोग (उपयोग) का अधिकार<br>○ अवसर का अधिकार |

| | |
|---|---|
| **5. अन्य महत्वपूर्ण अधिकार (Other Important Rights)** | ○ विदेश यात्रा का अधिकार<br>○ राज्य से बाहर निष्कासित न किए जाने का अधिकार<br>○ पहाड़ी क्षेत्रों में मार्ग (पहुँच) का अधिकार<br>○ सूचना का अधिकार<br>○ सभ्य अंत्येष्टि / दाह-संस्कार का अधिकार<br>○ अपनी पसंद के व्यक्ति से विवाह करने का अधिकार |

| | |
|---|---|
| **4. Socio-Economic Justice & Empowerment** | ○ Right against bonded labour<br>○ Respectful and dignified treatment of women<br>○ Right to family pension<br>○ Right to social and economic justice and empowerment<br>○ Right to maturity/use of a life insurance policy<br>○ Right to opportunity |

| | |
|---|---|
| **5. Other Important Rights** | ○ Right to travel abroad<br>○ Right not to be expelled from a State<br>○ Right of access to roads in hilly areas<br>○ Right to information<br>○ Right to a decent burial / cremation<br>○ Right to marry a person of one's choice |

# अनुच्छेद 21 : Right to Life VS Right to Die

**यूथेनेशिया | आत्महत्या का प्रयास | MHCA | Landmark Judgments**

## 1. क्या जीने के अधिकार में मरने का अधिकार शामिल है?

अनुच्छेद 21 के तहत 'Right to Life' में 'Right to Die' शामिल है या नहीं — इस पर भारतीय न्यायपालिका में लंबी बहस रही है।

**1987 — मारुति श्रीपति दुब्बल वाद (बॉम्बे हाईकोर्ट):**
- 'जीने के अधिकार में मरने का अधिकार' शामिल माना।
- IPC की धारा 309 को असंवैधानिक घोषित किया।

**1994 — P. Rathinam बनाम भारत संघ:**
- सुप्रीम कोर्ट ने इसी दृष्टिकोण को स्वीकार किया।
- कहा कि अनुच्छेद 21 में Right to Die शामिल है।

**1996 — ज्ञान कौर बनाम पंजाब राज्य:**
- 5-न्यायाधीशों की संविधान पीठ।
- P. Rathinam का फैसला पलट दिया।
- स्पष्ट किया: 'Right to Life में Right to Die शामिल नहीं है।

★ **UPSC के लिए सबसे महत्वपूर्ण केस**

## 2. यूथेनेशिया (Euthanasia / इच्छा मृत्यु)

**सक्रिय यूथेनेशिया (Active Euthanasia):**
- किसी बाहरी माध्यम जैसे ज़हरीला इंजेक्शन देकर जीवन समाप्त करना।
- भारत में पूरी तरह अवैध।

**निष्क्रिय यूथेनेशिया (Passive Euthanasia):**
- Life Support / Ventilator / Artificial Feeding हटाकर मरीज को प्राकृतिक मृत्यु होने देना।

**2011 — अरुणा शानबाग वाद:**
- सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार कड़े दिशा-निर्देशों के साथ Passive Euthanasia को मान्यता दी।

LIVING WILL

**2018 — Common Cause बनाम भारत संघ:**
- Passive Euthanasia को कानूनी मान्यता दी।
- 'Living Will / Advance Medical Directive' को भी मान्यता मिली।

**सार:** Active Euthanasia अवैध, Passive Euthanasia सीमित शर्तों के साथ वैध।

## 3. आत्महत्या का प्रयास, MHCA और BNS

**MHCA 2017 (धारा 115):**
- आत्महत्या का प्रयास करने वाले व्यक्ति को 'Severe Stress' में माना जाएगा।
- उसे सज़ा देने के बजाय Care, Treatment और Rehabilitation पर जोर।

**IPC धारा 309:**
- व्यवहारिक रूप से decriminalize हो गई।

**BNS 2023:**
- IPC 309 जैसा सामान्य अपराध नहीं रखा गया।
- लेकिन धारा 226 के तहत, यदि कोई व्यक्ति public servant को compel या restrain करने के उद्देश्य से आत्महत्या का प्रयास करता है, तो वह दंडनीय है।

**Current Affairs Value Addition**

## 4. 2018 के अन्य ऐतिहासिक वाद

**नवतेज सिंह जौहर बनाम भारत संघ (2018):**
- IPC धारा 377 को आंशिक रूप से असंवैधानिक घोषित किया।
- आपसी सहमति से वयस्कों के बीच समलैंगिक संबंध अब अपराध नहीं।
- Article 14 और 21 के तहत गरिमा व समानता की पुष्टि।

**जोसेफ शाइन बनाम भारत संघ (2018):**
- IPC धारा 497 (Adultery) असंवैधानिक घोषित।
- व्यभिचार अब criminal offence नहीं है। हालांकि यह अब भी divorce का civil ground हो सकता है।
- महिलाओं की गरिमा, समानता और autonomy की रक्षा।

## — Quick Revision —

- ✔ Right to Die = मौलिक अधिकार नहीं
- ✔ Right to Die with Dignity = सीमित संदर्भ में मान्यता
- ✔ Passive Euthanasia + Living Will = मान्य
- ✔ Active Euthanasia = अवैध

# Article 21 : Right to Life vs Right to Die

Euthanasia | Attempt to Suicide | MHCA | Landmark Judgments

## 1. Does the Right to Life include the Right to Die?

Under Article 21, whether the 'Right to Life' includes the 'Right to Die' has been a long-standing debate in the Indian judiciary.

**1987** — **Maruti Shripati Dubal Case (Bombay High Court):**
- Held that the 'right to die' is included within the 'right to life'.
- Declared Section 309 of the IPC unconstitutional.

**1994** — **P. Rathinam v. Union of India:**
- The Supreme Court accepted the same view.
- It held that Article 21 includes the Right to Die.

**1996** — **Gian Kaur v. State of Punjab:**
- Decided by a 5-judge Constitution Bench.
- Overruled the decision in P. Rathinam.
- Clearly held: "Right to Life does not include Right to Die.'

★ **Most Important Case for UPSC**

## 2. Euthanasia

**Active Euthanasia:**
- Ending life through an external means such as a lethal injection.
- Completely illegal in India.

**Passive Euthanasia:**
- Withdrawing life support, ventilator, or artificial feeding so that the patient is allowed to die naturally.

**2011** — **Aruna Shanbaug Case:**
- For the first time, the Supreme Court permitted passive euthanasia in India with strict guidelines.

**2018** — **Common Cause v. Union of India:**
- Granted legal recognition to passive euthanasia.
- Also recognised the validity of a 'Living Will / Advance Medical Directive'.

**Summary:** Active Euthanasia is illegal; Passive Euthanasia is valid subject to limited conditions.

## 3. Attempt to Suicide, MHCA and BNS

- **MHCA 2017 (Section 115):**
  - A person attempting suicide is presumed to be under "severe stress'.
  - The focus is on care, treatment and rehabilitation instead of punishment.
- **IPC Section 309:**
  - It was effectively decriminalised in practice.
- **BNS 2023:**
  - The general offence like IPC Section 309 has not been retained.
  - However, under Section 226, if a person attempts suicide with the intent to compel or restrain a public servant from discharging lawful power, it remains punishable.

**Current Affairs Value Addition**

## 4. Other Landmark Judgments of 2018

**Navtej Singh Johar v. Union of India (2018):**
- IPC Section 377 was partially struck down as unconstitutional.
- Consensual homosexual relations between adults are no longer a crime.
- Affirmed dignity and equality under Articles 14 and 21.

**Joseph Shine v. Union of India (2018):**
- IPC Section 497 (Adultery) was declared unconstitutional.
- Adultery is no longer a criminal offence.
- However, it may still remain a civil ground for divorce.
- The judgment protected women's dignity, equality and autonomy.

## Quick Revision

- ✓ Right to Die = Not a Fundamental Right
- ✓ Right to Die with Dignity = Recognised in a Limited Context
- ✓ Passive Euthanasia + Living Will = Valid
- ✓ Active Euthanasia = Illegal




# राष्ट्रीय आपातकाल में मौलिक अधिकारों का निलंबन



## 1. अनुच्छेद 358: अनुच्छेद 19 का स्वतः निलंबन




- जब देश में 'युद्ध' या 'बाह्य आक्रमण' के आधार पर राष्ट्रीय आपातकाल (अनुच्छेद 352) की घोषणा की जाती है, तो अनुच्छेद 19 के तहत दी गई 6 स्वतंत्रताएं (जैसे- बोलने की आज़ादी, शांतिपूर्ण सम्मेलन की आज़ादी आदि) स्वतः (automatically) निलंबित हो जाती हैं।
- इसके लिए राष्ट्रपति को कोई अलग से आदेश नहीं निकालना पड़ता।
- ☆ महत्वपूर्ण बदलाव (44वों संविधान संशोधन, 1978): यदि राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा 'सशस्त्र विद्रोह' (Armed Rebellion) के आधार पर की गई है, तो अनुच्छेद 19 निलंबित नहीं होता है।
- आपातकाल हटने के बाद अनुच्छेद 19 स्वतः पुनर्जीवित हो जाता हैं।

## 2. अनुच्छेद 359: अन्य मौलिक अधिकारों का निलंबन

- अनुच्छेद 359 राष्ट्रपति को यह शक्ति देता है कि वह राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान आदेश जारी करके अन्य मौलिक अधिकारों को लागू कराने के अधिकार (Enforcement of Fundamental Rights) को निलंबित कर दें।
- इसका मतलब है कि अधिकार स्वयं समाप्त नहीं होते, बल्कि यदि राज्य उनका उल्लंघन करता है तो नागरिक उन्हें लागू करवाने के लिए न्यायालय (Supreme Court या High Court) नहीं जा सकते।
- राष्ट्रपति अपने आदेश में यह स्पष्ट करते हैं कि कौन-कौन से अधिकारों का प्रवर्तन निलंबित किया जा रहा है और यह कितने समय के लिए होगा।




## 3. सबसे बड़ा अपवाद: अनुच्छेद 20 और 21 (कभी निलंबित नहीं होते)



- आपातकाल के इतिहास (विशेषकर 1975 के आपातकाल) से सबक लेते हुए 44वें संबिधान संशोधन (1978) द्वारा एक बहुत ही कड़ा सुरक्षा उपाय जोड़ा गया।
- ☆ अनुच्छेद 20: अपराधों के लिए दोषसिद्धि के संबंध में संरक्षण।
- ☆ अनुच्छेद 21: प्राण और दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार (Right to Life and Personal Liberty)।



- नियम: चाहे कोई भी आपातकाल हो और उसका कारण कुछ भी हो, अनुच्छेद 20 और अनुच्छेद 21 को किसी भी परिस्थिति में निलंबित नहीं किया जा सकता है।

## अन्य आपातकालों का प्रभाव



- राष्ट्रपति शासन / राज्य आपातकाल (अनुच्छेद 356):
  - → जब किसी राज्य में संबैधानिक तंत्र विफल होने पर राष्ट्रपति शासन लगता है, तो उस राज्य के नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

- वित्तीय आपातकाल (अनुच्छेद 360):
  - → यदि देश में वित्तीय आपातकाल लागू होता है, तब भी नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर कोई असर नहीं पड़ता।




☆ याद रखें: अधिकार खत्म नहीं होते, केवल उन्हें लागू कराने का मार्ग अस्थायी रूप से बंद हो सकता है (अनुच्छेद 359 के तहत)। ☆




# Suspension of Fundamental Rights During National Emergency



## 1. Article 358: Automatic Suspension of Article 19




- When a National Emergency under Article 352 is proclaimed on the ground of "War" or "External Aggression", the 6 freedoms guaranteed under Article 19 (such as freedom of speech, peaceful assembly, etc.) are automatically suspended.
- No separate presidential order is required for this suspension.
- Important Change (44th Constitutional Amendment, 1978): If the National Emergency is declared on the ground of "Armed Rebellion", Article 19 is NOT suspended.
- Once the Emergency ends, Article 19 automatically revives.

## 2. Article 359: Suspension of Enforcement of Other Fundamental Rights




- Article 359 empowers the President to issue an order during a National Emergency suspending the right to enforce certain Fundamental Rights.
- This means the rights themselves do not disappear; however, if the State violates them, citizens cannot go to the Supreme Court or High Court for their enforcement during the suspension period.
- The Presidential Order clearly specifies which rights are affected and for how long.

## 3. Biggest Exception: Articles 20 and 21





- Learning from the experience of the 1975 Emergency, the 44th Constitutional Amendment (1978) introduced a strong safeguard.
- **Article 20:** Protection in respect of conviction for offences.
- **Article 21:** Right to Life and Personal Liberty.
- **Rule:** No matter what kind of Emergency is in force, Articles 20 and 21 can **never** be suspended.

## 4. Effect of Other Emergencies



**President's Rule / State Emergency (Article 356)**

If President's Rule is imposed in a State due to failure of constitutional machinery, the Fundamental Rights of citizens are not affected.

**Financial Emergency (Article 360)**

Even if a Financial Emergency is declared, there is no effect on the Fundamental Rights of citizens.




**Remember:** Under Article 359, rights are **not abolished;** only the legal remedy to enforce specified rights may be temporarily suspended.

# अनुच्छेद 21 (A) → शिक्षा के अधिकार (Right to Education)

- राज्य **6 से 14 वर्ष** की आयु के सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करेगा, उस तरीके से जैसा कि राज्य कानून द्वारा निर्धारित करे।
- शिक्षा का उल्लेख मूल रूप से नीति निर्देशक तत्वों (DPSP) के **अनुच्छेद 45** में था, इस संविधान के प्रारंभ से दस वर्ष की अवधि के भीतर सभी बालकों को **चौदह वर्ष** की आयु पूरी करने तक, निःशुल्क और ओंनवार्य शिक्षा देने के लिए उपबंध करने का प्रयास करेगा।।
- **मोहिनी जैन बनाम कर्नाटक राज्य (1992):** 'जीवन के अधिकार' (अनुच्छेद 21) में शिक्षा का अधिकार भी शामिल है।
- **उन्नीकृष्णन बनाम आंध्र प्रदेश राज्य (1993):** शिक्षा का अधिकार केवल **6 से 14 वर्ष** तक के बच्चों के लिए ही मौलिक अधिकार है, इसके बाद यह राज्य की आर्थिक क्षमता पर निर्भर।
- **86वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 2002** → अनुच्छेद 21A को भाग III
- संसद ने **'निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009'** **(RTE Act)** पारित किया, जो **1 अप्रैल 2010** से प्रभावी हुआ।



# Article 21A → Right to Education

- The State shall provide free and compulsory education to all children aged 6 to 14 years, in such manner as the State may, by law, determine.)
- Education was originally mentioned in Article 45 of the Directive Principles of State Policy (DPSP), which stated that the State shall endeavour to provide, within ten years from the commencement of this Constitution, free and compulsory education for all children until they complete the age of fourteen years.
- **Mohini Jain v. State of Karnataka (1992) :** the 'right to life' (Article 21) also includes the right to education.
- **Unnikrishnan v. State of Andhra Pradesh (1993) :** the right to education is a fundamental right only for children aged 6 to 14 years; beyond this, it depends on the economic capacity of the State.
- **86th Constitutional Amendment Act, 2002** → inserted Article 21A into Part III
- Parliament passed the 'Right of Children to Free and Compulsory Education Act, 2009' (RTE Act), which came into effect on 1 April 2010.



# अनुच्छेद 22 → कुछ दशाओं में गिरफ्तारी और निरोध से संरक्षण (Protection Against Arrest and Detention)

## दंडात्मक निरोध (Punitive)

1) **अनुच्छेद 22(1) से 22(3)** → दंडात्मक निरोध
2) किसी व्यक्ति को उसके द्वारा किए गए अपराध की सजा देने के लिए हिरासत में लेना।
3) दंडात्मक और सुधारात्मक (Punitive and corrective)
4) सामान्य आपराधिक कानूनों (CrPC, IPC/BNS) द्वारा शासित।

## निवारक निरोध (Preventive)

1) **अनुच्छेद 22(4) से 22(7)** → निवारक निरोध
2) किसी व्यक्ति को भविष्य में कोई अपराध करने से रोकने के लिए बिना मुकदमे के हिरासत में लेना।
3) एहतियाती और निवारक (Precautionary and preventive)।
4) विशिष्ट संसदीय या राज्य कानूनों (जैसे, NSA, PSA) द्वारा शासित।

# Article 22 → Protection against arrest and detention in certain cases

***Punitive Detention***

1) Articles 22(1) to 22(3) → punitive detention)
2) Taking a person into custody to punish them for an offence they have committed
3) Punitive and corrective
4) Governed by ordinary criminal laws (CrPC, IPC/BNS)

***Preventive Detention***

1) Articles 22(4) to 22(7) → preventive detention)
2) Taking a person into custody without trial to prevent them from committing an offence in the future
3) Precautionary and preventive
4) Governed by specific parliamentary or state laws (such as NSA, PSA

**22 (1)**

- गिरफ्तारी के **कारणों को जानने का अधिकार**
- व्यक्ति को अपनी पसंद के वकील से परामर्श करने और बचाव करने का अधिकार

**22 (2)**

- **24 घंटे के भीतर मजिस्ट्रेट** के सामने पेश होने का अधिकार
- इस 24 घंटे की अवधि में अदालत तक यात्रा में लगने वाले समय को शामिल नहीं किया जाता है

**22 (3)**

- **सुरक्षा-कवच उपलब्ध नहीं →**
  1) विदेशी (शत्रु-विदेशी)
  2) निवारक निरोध कानून के अधीन गिरफ्तार व्यक्ति
- **उच्चतम न्यायालय** → न्यायालय के आदेश के अंतर्गत गिरफ्तारी, जन-अधिकार गिरफ्तारी, आयकर न देने पर गिरफ्तारी एवं विदेशी के पकड़े जाने पर लागू नहीं होता। इसका प्रयोग केवल आपराधिक क्रियाओं या सरकारी अपराध प्रकृति एवं कुछ प्रतिकूल सार्वजनिक हितों पर हो सकता है।"

**22 (1)**

- Right to know the grounds of arrest
- Right of a person to consult and be defended by a legal practitioner of their choice

**22 (2)**

- **Right to be produced before a magistrate within 24 hours**
- The time taken in travelling to the court is not included in this 24-hour period

**22 (3)**

- **These safeguards are not available to →**
  1) Foreigners (enemy aliens)
  2) Persons arrested under a preventive detention law
- **Supreme Court** → this protection does not apply to arrest under a court order, civil arrest, arrest for non-payment of income tax, or the apprehension of a foreigner. It can apply only in matters of criminal acts, offences of a public-wrong nature, and certain adverse public interest matters.

***यह सुरक्षा नागरिक एवं विदेशी दोनों के उपलब्ध हैं।***

**22 (4)**

- निवारक निरोध की **अवधि 3 माह से अधिक नहीं** — जब तक सलाहकार बोर्ड उचित कारण न बताए।
- सलाहकार बोर्ड की संरचना : उच्च **न्यायालय के न्यायाधीश हैं, रहे हैं, या नियुक्त होने के योग्य हैं।**
- यदि संसद ने कोई ऐसा कानून बनाया है जिसमें यह स्पष्ट किया गया है कि किन विशेष परिस्थितियों या वर्गों के मामलों में किसी व्यक्ति को सलाहकार बोर्ड की राय के बिना भी 3 महीने से अधिक समय तक हिरासत में रखा जा सकता है, तो वहां **अनुच्छेद 22(4) की 3 महीने वाली** सीमा लागू नहीं होगी।
- **44वें संविधान संशोधन 1978** के द्वारा निवारक निरोध की इस अधिकतम अवधि को 3 महीने से घटाकर 2 महीने करने का प्रावधान किया गया था। लेकिन, यह विशेष प्रावधान आज तक आधिकारिक तौर पर लागू **(notify) नहीं** किया गया है।

***This protection is available to both citizens and foreigners.***

**22 (4)**

- The period of preventive detention shall not exceed 3 months — unless an Advisory Board reports sufficient cause.)
- Composition of the Advisory Board: persons who are, have been, or are qualified to be appointed as judges of a High Court.
- If Parliament has enacted a law specifying particular circumstances or classes of cases in which a person may be detained beyond 3 months even without the opinion of an Advisory Board, then the 3-month limit under Article 22(4) shall not apply in such cases.
- The 44th Constitutional Amendment, 1978 provided for reducing this maximum period of preventive detention from 3 months to 2 months. However, this particular provision has still not been officially notified/brought into force.

**22 (5)**

- **निरोध के आधार या कारण जानने का अधिकार**
- **अपना पक्ष रखने का अधिकार :** अपना प्रतिवेदन (Representation) या बचाव प्रस्तुत करने का जल्द से जल्द अवसर प्रदान किया जाना चाहिए।

**22 (6)**

- यदि प्राधिकारी को लगता है कि तथ्यों का खुलासा करना **"सार्वजनिक हित" (Public Interest)** के खिलाफ है, तो वह ऐसा करने से इनकार कर सकता है

**22 (7)**

निवारक निरोध के संबंध में संसद को कानून बनाने की विशेष शक्ति प्रदान करता है।

- (a) सलाहकार बोर्ड की अनुमति प्राप्त किए बिना भी तीन महीने से अधिक समय तक निवारक हिरासत में रखा जा सकता है।
- (b) निवारक निरोध के तहत किसी व्यक्ति को बंदी बनाए रखने की अधिकतम समय-सीमा
- (c) जब कोई सलाहकार बोर्ड किसी बंदी प्रत्यक्षीकरण या निवारक निरोध मामले की जांच करता है, तो उसे किस निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना होगा।

***निवारक निरोध** का विषय **सातवीं अनुसूची की 'समवर्ती सूची'** में है। लेकिन, **अनुच्छेद 22(7)** के तहत अधिकतम अवधि तय करने की शक्ति **केवल संसद** के पास है, राज्य विधानमंडलों के पास नहीं।*

**22 (5)**

- **Right to be informed of the grounds or reasons for detention**
- **Right to make a representation:** the earliest possible opportunity must be given to present a representation or defence

**22 (6)**

- If the authority believes that disclosing the facts would be against the "public interest", it may refuse to disclose them.

**22 (7)**

Confers special power on Parliament to make laws regarding preventive detention

- (a) Specifying circumstances and classes of cases under which a person may be detained in preventive custody for more than three months without obtaining the approval of an Advisory Board
- (b) The maximum period for which a person may be detained under any law of preventive detention
- (c) The procedure to be followed by an Advisory Board when conducting an inquiry into a case of preventive detention.

*The subject of preventive detention falls under the 'Concurrent List' of the Seventh Schedule. However, the power to fix the maximum period under Article 22(7) rests solely with Parliament, not with State legislatures*

| कानून | पूरा नाम | वर्तमान स्थिति | मुख्य उद्देश्य / विशेषता |
|---|---|---|---|
| **PDA** | निवारक निरोध अधिनियम (Preventive Detention) 1950 | समाप्त (1969) | आज़ाद भारत का पहला निवारक कानून। |
| **MISA** | आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था अधिनियम, 1971 (Maintenance of Internal Security Act) | निरस्त (1978) | आपातकाल के दौरान भारी दुरुपयोग हुआ। |
| **COFEPOSA** | विदेशी मुद्रा संरक्षण एवं तस्करी निवारण अधिनियम (Conservation of Foreign Exchange and Prevention of Smuggling Activities Act, 1974) | लागू (Active) | आर्थिक अपराधों (तस्करी और विदेशी मुद्रा की जमाखोरी) को रोकने के लिए। |
| **NSA (रासुका)** | राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (National Security Act), 1980 | लागू (Active) | राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था के लिए खतरा होने पर अधिकतम 12 महीने |
| **TADA** | आतंकवादी एवं विध्वंसक गतिविधियां (निवारण) अधिनियम, 1985 | निरस्त (1995) | पंजाब में आतंकवाद रोकने के लिए बना । मानवाधिकार हनन के कारण निरस्त। |
| **POTA** | आतंकवाद निवारण अधिनियम (Prevention of Terrorism Act), 2002 | निरस्त (2004) | 2001 संसद हमले के बाद लाया गया; |
| **UAPA** | गैर-कानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम (Unlawful Activities Prevention Act), 1967 | लागू (Active) | 1967 — 2004, 2008, 2012 व 2019 में संशोधित |

| Law | Full Name | Current Status | Main Objective / Feature |
|---|---|---|---|
| **PDA** | Preventive Detention Act, 1950 | Lapsed (1969) | Independent India's first preventive detention law. |
| **MISA** | Maintenance of Internal Security Act, 1971 | Repealed (1978) | Heavily misused during the Emergency. |
| **COFEPOSA** | Conservation of Foreign Exchange and Prevention of Smuggling Activities Act, 1974 | Active | To curb economic offences (smuggling of foreign exchange). |
| **NSA (Rasuka)** | National Security Act, 1980 | Active | Maximum 12 months when there is a threat to national security |
| **TADA** | Terrorist and Disruptive Activities (Prevention) Act, 1985 | Repealed (1995) | Enacted to curb terrorism in Punjab. |
| **POTA** | Prevention of Terrorism Act, 2002 | Repealed (2004) | after the 2001 Parliament attack. |
| **UAPA** | Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 | Active | Amended in 1967 — 2004, 2008, 2012 and 2019. |

# 10) शोषण के विरुद्ध अधिकार (Right against Exploitation)

अनुच्छेद 23 और 24 (Articles 23 & 24)

अनुच्छेद 23 → मानव दुर्व्यापार और बलात् श्रम का निषेध (Prohibition of Human Trafficking and Forced Labor)



अनुच्छेद 24 → कारखानों आदि में बालकों के नियोजन का प्रतिषेध (Prohibition of Child Labor)

# 10) Right against Exploitation

Articles 23 & 24

Articles 23 → Prohibition of traffic in human beings and forced labour



Articles 24 → Prohibition of employment of children in factories, etc

# अनुच्छेद 23 → मानव दुर्व्यापार और बलात् श्रम का निषेध

**23 (1)** — निषेध और विधि के अनुसार अपराध दंडनीय

- मानव दुर्व्यापार (Traffic in Human Beings)
- बेगार (Begar)
- अन्य प्रकार का बलात् श्रम (Other forms of Forced Labour)

- ❑ मानव दुर्व्यापार : इंसानों को वस्तुओं की तरह खरीदना और बेचना।
  - ○ दास प्रथा + देवदासी + जोगिनी प्रथा
- ❑ बेगार (Begar) : बिना कोई मजदूरी (पारिश्रमिक) दिए काम
- ❑ बलात् श्रम : किसी व्यक्ति की इच्छा के विरुद्ध उससे काम लेना।

- ❑ इस प्रथा के अंतर्गत छोटी बच्चियों को जीवन भर के लिए किसी मंदिर, देवता या देवी को 'समर्पित' (Dedicate) कर दिया जाता था।
- ❑ दक्षिण भारत में इसे 'देवदासी' और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में 'जोगिनी' या 'मातम्मा' कहा।
- ❑ भरतनाट्यम को पहले 'सदिर', 'सधिर नाट्यम' या 'दासी अट्टम' ।

- ❖ अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम, 1956 (Immoral Traffic Prevention Act): अनैतिक व्यापार और वेश्यावृत्ति
- ❖ बंधुआ श्रम प्रणाली (उन्मूलन) अधिनियम, 1976
- ❖ न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 (Minimum Wages Act):
- ❖ समान पारिश्रमिक अधिनियम, 1976 : समान काम के लिए पुरुषों और महिलाओं को समान वेतन।

# Article 23 → Prohibition of traffic in human beings and forced labour

**23 (1)**

Prohibited, and contravention is an offence punishable in accordance with law

- Traffic in Human Beings
- Begar
- Other forms of Forced Labour

- Human trafficking: buying and selling human beings like commodities
    - Slavery system + Devadasi system + Jogini system
- Begar: forcing labour without paying any wages/remuneration
- Forced labour: making a person work against their will

- Under this practice, young girls were 'dedicated' for life to a temple, god, or goddess
- This was called 'Devadasi' in South India, and 'Jogini' or 'Matamma' in parts of Andhra Pradesh
- Bharatanatyam was earlier known as 'Sadir', 'Sadhir Nattyam', or 'Dasi Attam'

- Immoral Traffic (Prevention) Act, 1956: deals with immoral trafficking and prostitution
- Bonded Labour System (Abolition) Act, 1976
- Minimum Wages Act, 1948
- Equal Remuneration Act, 1976: equal pay for men and women for the same work

**23 (2)**

अपवाद (Exception - Public Purpose)

- "इस अनुच्छेद की कोई बात राज्य को **सार्वजनिक प्रयोजनों** के लिए अनिवार्य सेवा लागू करने से नहीं रोकेगी।
- ऐसी सेवा लागू करने में राज्य **केवल धर्म, मूलवंश, जाति या वर्ग** के आधार पर कोई भेदभाव नहीं करेगा।"

- ***सार्वजनिक प्रयोजन (Public Purpose)*** *: राष्ट्र की सुरक्षा या समाज के हित में सरकार नागरिकों से अनिवार्य सेवा ले सकती है।*
- *उदाहरण : युद्ध के समय सेना में अनिवार्य भर्ती या किसी प्राकृतिक आपदा के समय नागरिकों से सामाजिक सेवा करवाना।*
- *अनिवार्य सेवा के लिए जेंडर के आधार पर नियम बनाए जा सकते हैं।*

## अनुच्छेद 24 → कारखानों आदि में बालकों के नियोजन का प्रतिषेध

- 14 वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे को किसी कारखाने (Factory), खदान (Mine), या अन्य किसी जोखिम भरे (Hazardous) कार्य में नियोजित नहीं किया जा सकता।
- सकारात्मक दायित्व (Positive Obligation): यह राज्य पर एक दायित्व डालता है कि वह बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करे।
- बाल श्रम (निषेध और नियमन) अधिनियम, 1986

**23 (2)** — Exception - Public Purpose

- ("Nothing in this Article shall prevent the State from imposing compulsory service for public purposes
- In imposing such service, the State shall not make any discrimination on grounds only of religion, race, caste or class.")

- ***Public Purpose*** : *government may require compulsory service from citizens in the interest of national security or the welfare of society*
- *Example: compulsory military conscription during war, or requiring citizens to perform social service during a natural disaster*
- *Rules may be framed on the basis of gender for compulsory service.*

## Article 24 → Prohibition of employment of children

- No child below the age of 14 years shall be employed in any factory, mine, or any other hazardous work
- Positive Obligation: this places a duty on the State to ensure a safe environment for children
- Child Labour (Prohibition and Regulation) Act, 1986

# अनुच्छेद 24 को एकाकी रूप में नहीं पढ़ा जा सकता

सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, इसे निम्नलिखित अनुच्छेदों के साथ मिलाकर पढ़ा जाना चाहिए:

## अनुच्छेद 24

### 1 अनुच्छेद 21A (शिक्षा का अधिकार)



- 6 से 14 वर्ष के बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा।

(जब बच्चा स्कूल में होगा, तभी वह कारखाने से दूर रह पाएगा)

### 2 अनुच्छेद 39(e) [DPSP]



राज्य यह सुनिश्चित करेगा कि बच्चों की 'सुकुमार अवस्था' (Tender age) का दुरुपयोग न हो और उन्हें आर्थिक मजबूरी में ऐसे काम न करने पड़ें जो उनकी आयु और शक्ति के अनुकूल न हों।

### 3 अनुच्छेद 39(f) [DPSP]



बच्चों को स्वतंत्र और गरिमामय वातावरण में स्वस्थ विकास के अवसर प्रदान किए जाएं।



### 4 अनुच्छेद 45



- 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख और शिक्षा।

अनुच्छेद 24 का सही अर्थ तभी समझा जा सकता है, जब इसे बाल संरक्षण, शिक्षा और कल्याण के व्यापक दृष्टिकोण के साथ पढ़ा जाए।

# Article 24 Cannot Be Read in Isolation

According to the Supreme Court, it should be read together with the following Articles:

## Article 24



### 1 Article 21A (Right to Education)



- Free and compulsory education for children aged 6 to 14 years.

(When a child is in school, they can stay away from factories.)

### 2 Article 39(e) [DPSP]



The State shall ensure that the tender age of children is not abused and that they are not forced by economic necessity to do work unsuited to their age or strength.

### 3 Article 39(f) [DPSP]



Children should be given opportunities to develop in a healthy manner and in an atmosphere of freedom and dignity.

### 4 Article 45



- Early childhood care and education for children below 6 years of age.

The true meaning of Article 24 can be understood only when it is read from the broader perspective of child protection, education, and welfare.

# भारत में बाल श्रम कानून

## प्रमुख प्रावधान और संशोधन

### 1 संवैधानिक आधार

**अनुच्छेद 24:**
14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी कारखाने, खदान या अन्य खतरनाक गतिविधियों में रोजगार देने पर पूर्णतः रोक लगाता है।

### 2 मुख्य कानून

बाल और किशोर श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986

### 3 विकास और प्रमुख संशोधन

| वर्ष | प्रमुख बदलाव | स्थिति |
|---|---|---|
| 2006 | घरेलू काम, होटल, ढाबों और दुकानों में 14 साल से कम उम्र के बच्चों के रोजगार पर प्रतिबंध। | पूर्ण निषेध |
| 2016 | सभी व्यवसायों में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के रोजगार पर पूर्ण प्रतिबंध। 'किशोरों' (14-18 वर्ष) को कानूनी मान्यता दी गई और उन्हें खतरनाक व्यवसायों से प्रतिबंधित किया गया। | पूर्ण निषेध |

### 4 छूट: 'घरेलू उद्यम' (Family Enterprise) खंड

14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सख्त शर्तों के तहत परिवार के स्वामित्व वाले गैर-खतरनाक उद्यमों में मदद करने की अनुमति है (आंशिक निषेध)।

1. **शिक्षा प्राथमिकता:** मदद केवल स्कूल के घंटों के बाद या छुट्टियों के दौरान ही दी जा सकती है।
2. **समय सीमा:** प्रतिदिन अधिकतम 3 घंटे।
3. **समय की पाबंदी:** शाम 7:00 बजे से सुबह 8:00 बजे के बीच कोई काम करने की अनुमति नहीं है।
4. **कलाकारों के लिए छूट:** ऑडियो-विजुअल मनोरंजन उद्योग में बाल कलाकार एक दिन में अधिकतम 5 घंटे काम कर सकते है।

### 5 उल्लंघन के लिए दंड

- **कारावास:** 6 महीने से 2 साल तक।
- **जुर्माना:** ₹20,000 से ₹50,000 तक।

**मुख्य उदेश्य:** बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा और गरिमामय बचपन सुनिश्चित करना।

# Child Labour Laws in India

## Key Provisions and Amendments

### 1 Constitutional Basis

CONSTITUTION OF INDIA

**Article 24:** Completely prohibits the employment of children below 14 years of age in any factory, mine, or other hazardous activity.

### 2 Main Law

